Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

दैनिक वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 84 | रविवार, 29 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# दिल्ली-एनसीआर को मोदी-योगी ने दी बहुत बड़ी सौगात

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट खुलने से आईजीआई पर भीड़ होगी कम,

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** देश की विमानन व्यवस्था को नई गति देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद रहे। करीब ग्यारह हजार दो सौ करोड़ रुपये की लागत से सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल के तहत विकसित यह परियोजना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हवाई कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई देने वाली मानी जा रही है।

देखा जाये तो नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अब दिल्ली एनसीआर का दूसरा अंतरराष्ट्रीय प्रवेश द्वार बन गया है, जो मौजूदा इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ मिलकर काम करेगा। वर्तमान में इंदिरा गांधी हवाई अड्डा क्षेत्र का अधिकतर हवाई यातायात संभालता है, लेकिन यात्रियों की तेजी से बढती संख्या और सीमित स्लॉट के कारण वहां दबाव लगातार बढ रहा था। ऐसे में नया हवाई अड्डा इस बोझ को कम करने और यातायात को संतुलित तरीके से बांटने में अहम भूमिका निभाएगा।

पहले चरण में यह हवाई अड्डा प्रति वर्ष एक करोड़ बीस लाख यात्रियों को संभालने की क्षमता रखता है। भविष्य की योजनाओं के तहत इसकी क्षमता को बढ़ाकर सात करोड़ यात्रियों तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह विस्तार योजना सरकार की दीर्घकालिक सोच को दशार्ती है, जिससे आने वाले वर्षों में बढ़ती हवाई यात्रा की मांग को आसानी से पूरा किया जा सके। हम आपको बता दें कि तकनीकी दृष्टि से यह हवाई अड्डा




अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। यहां तीन हजार नौ सौ मीटर लंबा रनवे बनाया गया है, जिस पर बड़े विमानों का संचालन संभव होगा। साथ ही आधुनिक नेविगेशन प्रणाली और प्रकाश व्यवस्था इसे हर मौसम में चौबीसों घंटे संचालित करने में सक्षम बनाती है। इससे खराब मौसम में भी उड़ानों की विश्वसनीयता बनी रहेगी। यात्री सेवाओं के अलावा यह हवाई अड्डा कार्गो और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। यहां बहु परिवहन कार्गो हब विकसित किया गया है, जिसमें एकीकृत कार्गो टर्मिनल और विशेष लॉजिस्टिक क्षेत्र शामिल हैं। शुरूआत में इसकी क्षमता ढाई लाख मीट्रिक टन सालाना रखी गई है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर अठारह लाख मीट्रिक टन तक किया जाएगा। इससे उत्तर भारत में व्यापार और निर्यात को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा, हवाई अड्डे में चालीस एकड़ में फैली मेंटेनेंस मरम्मत और ओवरहाल सुविधा भी विकसित की गई है। इससे विमानों की मरम्मत और रखरखाव देश में ही संभव होगा, जिससे एयरलाइनों का खर्च घटेगा और समय की बचत होगी। यह सुविधा भारत को विमानन सेवाओं के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को टिकाऊ विकास के सिद्धांतों पर बनाया गया है। ऊर्जा दक्ष प्रणालियां और पर्यावरण अनुकूल उपाय अपनाए गए हैं, जिससे इसे शून्य उत्सर्जन की दिशा में ले जाया जा सके। यह देश के हरित बुनियादी ढांचे की दिशा में बढ़ते कदम को भी दशार्ता है। हवाई अड्डे की वास्तुकला में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। इसके डिजाइन में घाट और हवेली जैसे पारंपरिक तत्वों से प्रेरणा ली गई है, जिससे यात्रियों को आधुनिकता के साथ भारतीय पहचान का अनुभव हो सके।

इसके अलावा, यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित यह हवाई अड्डा सड़क, रेल, मेट्रो और अन्य परिवहन साधनों से जुड़ा होगा। इससे दिल्ली एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को आसान पहुंच मिलेगी। खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास के जिलों के लिए यह हवाई अड्डा बेहद सुविधाजनक साबित होगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि दिल्ली एनसीआर जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में एक से अधिक हवाई अड्डों का होना जरूरी था। इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर स्लॉट की कमी के कारण नई उड़ानों को शुरू करना मुश्किल हो गया था। ऐसे में नोएडा हवाई अड्डा एयरलाइनों को नई उडानें शुरू करने और यात्रियों को अधिक विकल्प देने का अवसर देगा। एयरलाइनों ने भी इस नए हवाई अड्डे में गहरी रुचि दिखाई है। कई कंपनियां यहां से अपनी सेवाएं शुरू करने की तैयारी में हैं। सस्ती विमान ईंधन दरें भी एयरलाइनों को आकर्षित कर सकती हैं, जिससे यहां से संचालन लागत कम होगी।

कुल मिलाकर देखा जाये तो नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का पहला चरण भारत के विमानन क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लेकर आया है। यह न केवल कनेक्टिविटी बढ़ाएगा बल्कि आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय संतुलन को भी मजबूती देगा। आने वाले समय में यह हवाई अड्डा देश को वैश्विक विमानन केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## हवा में अटकीं 161 यात्रियों की सांसें, दिल्ली में इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, बड़ा हादसा टला




**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** शनिवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर विशाखापत्तनम से आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट के इंजन में खराबी की आशंका के चलते पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। पूर्ण आपातकाल के अलावा, हवाई अड्डे के रनवे 28 को हाई अलर्ट पर रखा गया और हवाई अड्डे के अधिकारियों ने तुरंत आपातकालीन प्रोटोकॉल लागू कर दिए। हालांकि, 161 यात्रियों को लेकर विशाखापत्तनम से दिल्ली जा रही फ्लाइट ने सुबह करीब 11 बजे सुरक्षित लैंडिंग कर ली और सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। ताजा खबरों के अनुसार, आपातकालीन लैंडिंग की सूचना सुबह 10:53 बजे मिली, जिसके बाद सभी एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया और दमकल गाड़ियां भी मौके पर भेजी गईं। एयरलाइंस के बयान के अनुसार, इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि विमान के उतरने से ठीक पहले एक तकनीकी खराबी का पता चला, जिसके कारण प्राथमिकता के आधार पर लैंडिंग करनी पड़ी। प्रवक्ता ने कहा कि एहतियाती कदम के तौर पर और मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, पायलटों ने प्राथमिकता के आधार पर लैंडिंग का अनुरोध किया और विमान दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गया। इसी महीने की शुरूआत में, हैदराबाद से फुकेत जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक नियमित उड़ान के हार्ड लैंडिंग के बाद उसके आगे के पहिये टूट गए थे। विमान फुकेत हवाई अड्डे के रनवे पर घंटों तक फंसा रहा, जिसके कारण हवाई अड्डे का कामकाज अस्थायी रूप से रोकना पड़ा।

## बेंगलुरु यूनिवर्सिटी में विवाद: छात्र को 'आतंकवादी' कहने वाले प्रोफेसर सस्पेंड, एनएसयूआई ने की कार्रवाई की मांग

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के एक कॉलेज में उस समय बड़ा विवाद खड़ा हो गया जब एक प्रोफेसर को कक्षा में एक मुस्लिम छात्र पर कथित तौर पर चिल्लाते हुए और उसे 'आतंकवादी' कहते हुए कैमरे में कैद किया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया है। खबरों के मुताबिक, यह घटना मंगलवार को शहर के पीईएस विश्वविद्यालय में हुई। छात्र, जिसकी पहचान अफ्फान के रूप में हुई है, ने किसी से मिलने के लिए प्रोफेसर से कक्षा से बाहर जाने की अनुमति मांगी थी।



प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों और कक्षा के वीडियो रिकॉर्डिंग के अनुसार, प्रोफेसर डॉ. मुरलीधर देशपांडे ने कथित तौर पर छात्र के प्रति आक्रामक प्रतिक्रिया दी और दूसरों के सामने उसे 'आतंकवादी' कहा। वीडियो में, जिसमें काफी शोरगुल है, प्रोफेसर को चिल्लाते हुए सुना जा सकता है, 'शर्म नहीं आती, तुमको।' उन्होंने आगे कहा, ₹मैंने सोचा था कि आज मैं बहुत शांत रहूंगा,' और फिर कथित तौर पर 'आतंकवादी' शब्द दोहराया। उन पर कई अपशब्द कहने का भी आरोप है, जिनमें ईरान युद्ध के लिए 'अपने जैसे लोगों' को दोषी ठहराना, यह कहना कि डोनाल्ड ट्रम्प 'आएंगे और उसे ले जाएंगे', और छात्र को 'नरक में जाने' की धमकी देना शामिल है।

पूरी घटना कक्षा में मौजूद एक अन्य छात्र ने रिकॉर्ड कर ली। जनता के भारी विरोध के बाद, विश्वविद्यालय ने जांच लंबित रहने तक प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कथित घटना के तीन दिन बाद की गई। बताया कि प्रोफेसर की टिप्पणियों का विरोध करने वाले छात्र का समर्थन करने वाले तीन छात्रों को भी अन्य कारणों से निलंबित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र में कहा गया है कि छात्र की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की विस्तृत जांच लंबित रहने तक, आपको तत्काल प्रभाव से निलंबित रखा जाता है। हालांकि, आरोपों की प्रकृति का उल्लेख नहीं किया गया है। इस घटना से मचे बवाल के बाद, कांग्रेस के छात्र संगठन - नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के सदस्यों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। इस घटनाक्रम ने ऑनलाइन भी व्यापक आक्रोश पैदा किया, जिसमें कई लोगों ने सांप्रदायिक टिप्पणी की निंदा करते हुए प्रोफेसर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## दिल्ली की राजनीति में उबाल: एमसीडी सदन में एलपीजी सिलेंडर को लेकर आप बनाम बीजेपी, भारी हंगामा



**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सदन की बैठक एलपीजी सिलेंडरों की कथित कमी को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों के विरोध-प्रदर्शन के बीच शुक्रवार को भारी हंगामे में कुछ ही मिनट में समाप्त हो गई। शुक्रवार को हुई इस बैठक में पार्क और सड़कों के नामकरण से संबंधित कई प्रस्ताव पारित किए गए। इस दौरान आप पार्षदों ने नारेबाजी की और 'एलपीजी गायब' लिखे एलपीजी सिलेंडरों की तस्वीरों वाले पोस्टर लहराए। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि पिछली बैठकों की तरह इस बार भी 'आप' के कुछ पार्षदों ने सदन की कार्यवाही में बाधा डालने का प्रयास किया।

मेयर ने दिल्ली सरकार के बजट में एमसीडी के लिए आवंटित 11,412 करोड़ रुपये के प्रावधान का स्वागत किया। आप पार्षद एवं सदन में विपक्ष के नेता अंकुश नारंग ने आरोप लगाया कि भाजपा के महापौर ने इस गंभीर मुद्दे पर चर्चा की अनुमति तक नहीं दी।

नारंग ने कहा, 'जल्दबाजी में एजेंडा पारित कर सदन स्थगित कर दिया गया और महापौर परिसर से चले गए। यह केवल गैस सिलेंडर की कमी का मामला नहीं, बल्कि आम लोगों के दैनिक जीवन से जुड़ा बड़ा संकट है। रसोई ठंडी पड़ रही हैं और भाजपा सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है।' सदन में पारित प्रस्तावों में गाजीपुर स्थित पांच एकड़ भूखंड पर प्रतिदिन कम से कम 800 टन कचरा संसाधित करने और उससे जुड़े अवशेष के निपटान के लिए एक सुविधा विकसित करने हेतु निविदाएं आमंत्रित करने का प्रस्ताव भी शामिल है।

## 'मोदी-ट्रंप के बीच कॉल में शामिल नहीं था कोई तीसरा', मस्क से जुड़ी खबरों को विदेश मंत्रालय ने किया खारिज

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने 24 मार्च को हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन वार्ता को लेकर सामने आई खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। प्रवक्ता ने कहा कि हमने इस खबर को देखा है।

24 मार्च को हुई टेलीफोन बातचीत केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच ही हुई थी। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि इस बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया की स्थिति पर दोनों नेताओं के बीच विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

दरअसल यह खबरें चल रही थी कि इस बातचीत में दिग्गज उद्यमी एलन मस्क भी जुड़े थे। मस्क के शामिल होने का दावा अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स ने किया है।



अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इस कॉल में एलन मस्क भी शामिल थे। यह जानकारी दो अमेरिकी अधिकारियों ने दी। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं है कि मस्क ने बातचीत में कुछ कहा या सिर्फ सुन रहे थे।

इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि रिपोर्ट और नियम कहते हैं कि दो देशों के शीर्ष नेताओं की बातचीत में किसी निजी व्यक्ति का शामिल होना असामान्य माना जाता है, खासकर जब मामला युद्ध जैसे हालात का हो।

ऐसे में मीडिया रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि हाल के समय में एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के रिश्तों में फिर से सुधार हुआ है, जबकि पिछले साल दोनों के बीच मतभेद सामने आए थे।

इस बातचीत के बारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दोनों नेताओं ने क्षेत्र में शांति बहाल करने और तनाव कम करने पर जोर दिया। साथ ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को सुरक्षित और खुला बनाए रखने की आवश्यकता पर भी सहमति जताई गई।

फिलहाल, यह साफ नहीं है कि इस कॉल में एलन मस्क की मौजूदगी का कारण क्या था, लेकिन इसे एक अहम और असामान्य घटनाक्रम माना जा रहा है।

## पश्चिम बंगाल में 'पेपर वार' शुरू, अमित शाह के आरोपों पर टीएमसी का जवाबी हमला

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**बंगाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शनिवार को ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ 'आरोपपत्र' जारी करने के कुछ घंटे बाद तृणमूल कांग्रेस ने इसी तरह का दस्तावेज जारी किया और भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाए। तृणमूल कांग्रेस ने इसमें भाजपा पर चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में धुव्रीकरण करने और महिलाओं की सुरक्षा सहित कई मुद्दों पर अपने कदमों के लिए जवाबदेही से बचने का आरोप लगाया गया।



शाह की प्रेसवार्ता के कुछ घंटों बाद, तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने मणिपुर में लंबे समय से जारी हिंसा, भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा और अवैध अप्रवासन से निपटने के केंद्र के तरीके को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से सवाल किए।

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रत्य बसु, महुआ मोइत्रा और कीर्ति आजाद ने एक संयुक्त प्रेसवार्ता की, जहां तीनों ने महिलाओं की सुरक्षा पर तृणमूल सरकार की आलोचना करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री को निशाना बनाया।

तृणमूल कांग्रेस सांसद मोइत्रा ने कहा, 'अमित शाह महिलाओं की सुरक्षा की बात कर रहे हैं। भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा की क्या स्थिति है?

शाह को सबसे पहले मणिपुर में हो रही हिंसा का जवाब देना चाहिए, जहां पिछले तीन वर्षों से लगातार रक्तपात हो रहा है।' इससे पहले दिन में, शाह ने तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक 'आरोपपत्र' जारी किया तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को देश की सुरक्षा के लिए अहम बताते हुए भाजपा के प्रचार अभियान को और तेज कर दिया। शाह ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इसके 15 साल के शासन के दौरान बंगाल देश के लिए 'घुसपैठ, तुष्टीकरण की राजनीति और सीमा पर असुरक्षा का मुख्य गलियारा' बन गया है।

आरोपों को खारिज करते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि भाजपा एक दशक से अधिक समय से केंद्र में सत्ता में है और कई सीमावर्ती राज्यों में शासन कर रही है। ब्रत्य बसु ने कहा, 'भाजपा केंद्र में सत्ता में है। यह 15 राज्यों और अधिकांश सीमावर्ती राज्यों में शासन करती है, जहां से घुसपैठ हो रही है। अमित शाह स्वयं केंद्रीय गृह मंत्री हैं। तो आखिर वह किस बात का इंतजार कर रहे हैं?' केंद्र सरकार के घुसपैठ के दावों पर सवाल उठाते हुए पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ने पूछा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय अवैध प्रवासियों की पहचान करके उन्हें निर्वासित करने में क्यों 'विफल' रहा। उन्होंने पूछा, 'भाजपा नियंत्रित निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में पाए गए विदेशी नागरिकों के नाम जारी करने में क्यों विफल रहा है?' बसु ने आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल में फूट डालने के लिए घुसपैठ के मुद्दे का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया, 'भाजपा बंगाली और बांग्लादेशी के बीच की रेखा को धुंधला करना चाहती है ताकि वे अपने नफरत भरे असम-शैली के निरुद्ध शिविर मॉडल को बंगाल में ला सके।' तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि यदि घुसपैठ एक समस्या बनी रहती है तो इसकी मुख्य जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है, जो देश की सीमाओं और सुरक्षा तंत्र को नियंत्रित करती है।

## संपादक की कलम से

# भारत के साइबर अपराधी सबसे ज्यादा अमेरिकियों को लूटते हैं



ललित शर्मा
संपादक

भारत में एक तरफ बेरोजगारी का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर बेरोजगार लोग अपराध की ओर धकेले जा रहे हैं। हाल ही में आई अमेरिकी एजेंसी एफबीआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि साइबर अपराध के जरिए अमेरिकियों के साथ पिछले साल लगभग 16 अरब डालर की ठगी की गई। इसमें सबसे ज्यादा अपराध भारत में चल रहे कॉल सेंटरों द्वारा किए गए हैं। इस रिपोर्ट में सबसे पहले नाम छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर का आता है। जिस तरह झारखंड का जामताड़ा ऑनलाइन ठगी के लिए बदनाम है, उसी तरह अब रायपुर भी चर्चा में आ गया है। इस शहर में अपराध बढ़ने का कारण युवाओं की मानसिकता नहीं, बल्कि मजबूरी है। शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी उन्हें सामान्य रोजगार नहीं मिलता, जिससे वे बेरोजगारी और लाचारी से जूझते रहते हैं। ऐसे में साइबर अपराधी उनका फायदा उठाते हैं। केवल रायपुर के फर्जी कॉल सेंटरों द्वारा अमेरिकियों से 1.56 लाख करोड़ रुपए ठगे गए हैं। यह तो केवल एक शहर की बात है। हैरानी की बात यह है कि इस अपराध में दिल्ली, एनसीआर, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु और पुणे जैसे बड़े शहरों का ज्यादा नाम नहीं आता, जबकि लखनऊ, कोलकाता, श्रीनगर और पंजाब के कुछ शहरों और गांवों से बड़े पैमाने पर साइबर अपराध किए जा रहे हैं। एफबीआई की रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि 16 अरब डालर में से अधिकांश ठगी भारतीय फर्जी कॉल सेंटरों द्वारा की गई है। इन कॉल सेंटरों को साइबर अपराध का एपिसेंटर बताया गया है। अपराधी खुद को अमेरिकी टेक सपोर्ट, बैंक अधिकारी या कस्टमर केयर अधिकारी बताकर लोगों को ठगते हैं और खासतौर पर बुजुर्ग अमेरिकियों को निशाना बनाते हैं। एफबीआई और भारतीय जांच एजेंसी सीबीआई पिछले दो वर्षों से मिलकर इस मामले की जांच कर रही हैं। विभिन्न शहरों और गांवों में छापेमारी की जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार 2024 में 11 सर्च ऑपरेशन किए गए, जिनमें 215 लोगों को गिरफ्तार किया गया। 2023 की तुलना में यह संख्या 700 गुना अधिक थी। हाल ही में रायपुर में क्राइम ब्रांच ने छापा मारकर एक गिरोह पकड़ा, जहां फाइनेंस कंपनी के नाम पर फर्जी कॉल सेंटर चल रहा था। 41 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और 25 कंप्यूटर, 18 लैपटॉप और 50 से अधिक स्मार्टफोन जब्त किए गए। रिपोर्ट के अनुसार कोरोना काल से पहले दिल्ली में ऐसे हजारों कॉल सेंटर चल रहे थे, लेकिन धीरे-धीरे ये छोटे शहरों में शिफ्ट हो गए। यहां 12वीं पास या कालेज छोड़ चुके युवाओं को इसमें शामिल किया जा रहा है। उन्हें हिंदी में स्क्रिप्ट दी जाती है, जिसे अंग्रेजी में अनुवाद कर वे ठगी करते हैं। चिंताजनक बात यह है कि भारत में अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बीपीओ उद्योग के बढ़ने के साथ ही अपराधियों ने इसी माडल को ठगी का साधन बना लिया। सबसे बड़ा कारण बेरोजगारी है। इंडिया एम्प्लायमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार 15 से 29 वर्ष के युवाओं में नौकरी की भारी कमी है। लगभग 70 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। हर साल करीब 50 लाख ग्रेजुएट होते हैं, लेकिन उनमें से केवल आधे को ही नौकरी मिलती है। अंग्रेजी जानने वाले युवाओं को ज्यादा लालच देकर इन कॉल सेंटरों में रखा जाता है। सस्ती इंटरनेट सेवाएं, वीओआईपी और क्लाउड तकनीक भी इस अपराध को बढ़ावा दे रही हैं। भारत में कई साइबर अपराध नेटवर्क पकड़े जा चुके हैं।

## आ गया नया जमाना

उदय किशोर साह



कविता

जग से लुप्त हो गई शराफत का खजाना
वैमनस्यता की आ गई अब नया जमाना
सज्जनता की कैसे दूँ मैं कोई भी दोष
जन जन में आ गई ईष्या द्वेष की नई रोग

ऊँच नीच नहीं समझे ये जग का पैमाना
पश्चिमी सभ्यता का हो गया हर कोई दीवाना
अपने घर आँगन को कैसे दूँ मैं कोई भी दोष
अपनी वजूद से क्यूं है युवा वर्ग को कोई रोष

मयार्दा परंम्परा भूल गया है अब शरमाना
इज्जत आबरू पे है आज अचूक निशाना
अपनी संस्कार को कैसे दूँ मैं कोई भी दोष
जेन जी में लग गई अब बेशरमी की नई रोग

माता पिता का भूल गया औलाद वो पसीना
इश्क लड़ाने में मशगूल है मजनूँ बन दीवाना
नीति शास्त्र को मैं दूँ कैसे कोई भी दोष
जोश में खो दिया नादान अपनी ही होश

कलि की आई ये अजीब सा अजब नजराना
हर शख्स समझ रहा है आज खुद को सयाना
राष्ट्र निमार्ता को मैं कैसे दूँ कोई भी दोष
अभिमान में लुट गई दुनियां की कर्तव्य कोष

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आधुनिक समाज में यौनता का अतिशय



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

आज का समय एक विचित्र द्वंद्व का समय है। एक ओर हम स्वयं को आधुनिक, जागरूक और खुला समाज घोषित करते हैं, तो दूसरी ओर हमारी चेतना का एक बड़ा हिस्सा लगातार एक ही बिंदु के इर्द-गिर्द सिमटता जा रहा है–देह, आकर्षण और कामना का अतिशय प्रदर्शन। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि बीते दो-तीन दशकों में जीवन के लगभग हर क्षेत्र में 'सेक्स' एक केंद्रीय विमर्श के रूप में उभरा है, किंतु यह विमर्श संतुलित या संवेदनशील न होकर अधिकतर बाजार, उपभोग और सतही उत्तेजना तक सीमित रह गया है। परिणामस्वरूप, जो विषय स्वाभाविक, निजी और मानवीय अनुभव का हिस्सा होना चाहिए था, वह अब एक उत्पाद, एक रणनीति और निरंतर परोसी जाने वाली सामग्री में परिवर्तित हो गया है।

बाजार ने इस परिवर्तन को सबसे पहले पहचाना और सबसे आक्रामक रूप में भुनाया। विज्ञापनों से लेकर फिल्मों, वेब सीरीज और सोशल मीडिया तक, हर जगह देह का एक विशेष प्रकार का चित्रण दिखाई देता है, जो आकर्षण को बेचने का सबसे आसान माध्यम बन चुका है। साबुन, शैम्पू, कपड़े, यहाँ तक कि रोजमर्रा की साधारण वस्तुओं के प्रचार में भी यौन संकेतों का प्रयोग अब सामान्य हो गया है। यह प्रवृत्ति केवल उत्पाद बेचने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि धीरे-धीरे दर्शकों की संवेदनाओं और अपेक्षाओं को भी प्रभावित करती है। जब हर ओर एक ही तरह का संदेश बार-बार दोहराया जाता है, तो वह सामान्य प्रतीत होने लगता है–और यही सामान्यीकरण सबसे बड़ी चिंता का विषय है।

इस बदलते परिदृश्य में केवल बाजार ही नहीं, बल्कि वे क्षेत्र भी शामिल हो गए हैं जो कभी मूल्य, अनुशासन और संतुलन के प्रतीक माने जाते थे। शिक्षा, अध्यात्म, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास जैसे क्षेत्रों में भी 'बेहतर जीवन' की परिभाषा को एक विशेष दिशा में मोड़ दिया गया है। जीवन की जटिलताओं का समाधान अब अक्सर इस रूप में प्रस्तुत किया जाता है कि व्यक्ति अपनी 'सेक्स लाइफ' को बेहतर बना ले, मानो यह जीवन के हर असंतुलन का अंतिम उत्तर हो। यह सरलीकरण न केवल भ्रामक है, बल्कि जीवन के अन्य महत्वपूर्ण आयामों–जैसे मानसिक शांति, संबंधों की गहराई, सामाजिक जिम्मेदारी और आत्मिक संतुलन–को भी हाशिये पर डाल देता है।

इस पूरे परिदृश्य का सबसे गहरा प्रभाव मानवीय संबंधों पर पड़ा है। रिश्तों की जो आत्मीयता, सहजता और भरोसा कभी उनकी आधारशिला हुआ करती थी, वह धीरे-धीरे प्रदर्शन, अपेक्षा और तुलना के दबाव में कमजोर होती जा रही है। प्रेम, जो कभी एक गहरी अनुभूति और आत्मिक जुड़ाव का प्रतीक था, अब अक्सर बाहरी अभिव्यक्तियों और शारीरिक आकर्षण तक सीमित कर दिया जाता है। इससे न केवल संबंधों की गुणवत्ता प्रभावित होती है, बल्कि व्यक्ति के भीतर एक स्थायी असंतोष भी जन्म लेता है, क्योंकि वह लगातार एक आदर्श छवि को पाने की कोशिश में रहता है, जो वास्तविकता से कोसों दूर होती है।

स्त्री-पुरुष संबंधों के संदर्भ में यह बदलाव और भी जटिल हो जाता है। स्त्री का चित्रण लंबे समय से समाज में बहस का विषय रहा है, किंतु वर्तमान समय में यह चित्रण एक नए प्रकार के वस्तुकरण की ओर संकेत करता है। स्त्री को एक व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि एक उत्पाद के रूप में प्रस्तुत किया जाना उसकी पहचान को सीमित कर देता है। यह प्रवृत्ति केवल पुरुष दृष्टि तक सीमित नहीं है, बल्कि कई बार स्वयं स्त्रियाँ भी इसी ढाँचे के भीतर अपनी स्वीकृति तलाशने लगती हैं। इससे एक ऐसा चक्र निर्मित होता है, जिसमें वास्तविक स्वतंत्रता और आत्मसम्मान की जगह बाहरी मानकों को पूरा करने की होड़ ले लेती है।

मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने इस प्रवृत्ति को और तीव्र कर दिया है। एल्गोरिद्म आधारित दुनिया में वही सामग्री अधिक दिखाई जाती है जो तुरंत ध्यान आकर्षित करे और अधिक प्रतिक्रिया प्राप्त करे। ऐसे में गहराई, संवेदना और विचारशीलता की जगह उत्तेजना, सनसनी और त्वरित संतुष्टि को प्राथमिकता मिलती है। यह न केवल दर्शकों की पसंद को प्रभावित करता है, बल्कि रचनाकारों को भी उसी दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। धीरे-धीरे यह एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करता है, जहाँ गंभीरता और संवेदनशीलता को कम महत्व दिया जाता है।

इस सबके बीच एक और गंभीर पहलू उभरता है–सुरक्षा और नैतिकता का प्रश्न। जब समाज में देह और यौनता का अत्यधिक और असंतुलित प्रदर्शन होता है, तो उसका प्रभाव व्यवहार पर भी पड़ता है। यह कहना उचित नहीं होगा कि केवल इसी कारण अपराध बढ़ते हैं, किंतु यह भी सत्य है कि एक असंतुलित और विकृत दृष्टिकोण सामाजिक वातावरण को प्रभावित करता है। बच्चों और किशोरों पर इसका प्रभाव विशेष रूप से चिंताजनक है, क्योंकि वे अभी अपने मूल्यों और समझ का निर्माण कर रहे होते हैं। जब वे हर ओर एक ही प्रकार के संकेत देखते हैं, तो उनके लिए सही और गलत के बीच संतुलन स्थापित करना कठिन हो जाता है। यह स्थिति हमें एक महत्वपूर्ण प्रश्न के सामने खड़ा करती है–क्या वास्तव में हम एक अधिक परिपक्व और खुले समाज की ओर बढ़ रहे हैं, या केवल एक ऐसे भ्रम में जी रहे हैं, जहाँ खुलापन केवल प्रदर्शन तक सीमित है? परिपक्वता का अर्थ केवल वर्जनाओं को तोड़ना नहीं होता, बल्कि यह समझना भी होता है कि किस सीमा तक, किस संदर्भ में और किस संवेदनशीलता के साथ किसी विषय को देखा और प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यदि इस संतुलन की अनदेखी की जाती है, तो खुलापन भी एक नए प्रकार की बंदिश में परिवर्तित हो सकता है। समाधान इस स्थिति से भागने में नहीं, बल्कि उसे समझने और संतुलित करने में निहित है। यौनता मानव जीवन का एक स्वाभाविक और महत्वपूर्ण हिस्सा है, किंतु इसे जीवन का केंद्र बना देना न तो आवश्यक है और न ही स्वस्थ। हमें यह स्वीकार करना होगा कि जीवन की समृद्धि केवल एक आयाम में नहीं, बल्कि अनेक आयामों के संतुलन में निहित है। शिक्षा, कला, साहित्य और मीडिया को इस संतुलन को पुनः स्थापित करने की दिशा में प्रयास करना होगा, ताकि समाज में एक अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार दृष्टिकोण विकसित हो सके।

अंततः, यह केवल बाहरी परिवर्तन का प्रश्न नहीं, बल्कि आंतरिक जागरूकता का भी विषय है। जब तक व्यक्ति स्वयं यह नहीं समझेगा कि वह क्या देख रहा है, क्यों देख रहा है और उसका उस पर क्या प्रभाव पड़ रहा है, तब तक कोई भी बाहरी प्रयास अधूरा रहेगा। हमें अपने भीतर उस संवेदनशीलता को पुनः जागृत करना होगा, जो किसी व्यक्ति को केवल देह नहीं, बल्कि एक संपूर्ण अस्तित्व के रूप में देख सके। यही वह दिशा है, जो हमें इस अतिरेक और असंतुलन से बाहर निकालकर एक अधिक मानवीय, संतुलित और सार्थक समाज की ओर ले जा सकती है।

# तीन देशों की सनक से पैदा वैश्विक आर्थिक,सामरिक संकट



संजीव ठाकुर
लेखक

जैसी की आशंका दिखाई दे रही है ईरान की भयभीत आम जनता एवं वर्तमान में बचे हुए ईरानी टॉप लीडर्स कि यह पुरजोर मांग है कि ईरान के पास जितना परमाणु ईंधन अमेरिका के आक्रमण से जमीन में धंसा हुआ बचा है, उससे कम से कम 10 बड़े परमाणु बम बनाए जा सकते हैं और इस परमाणु बम को बनाने के लिए ईरान प्रशासन पर पूरा दबाव डाला जा रहा है।

यह हालत इसलिए पैदा हुए हैं की इस त्रिकोणीय युद्ध में ईरान को बहुत बड़ी संख्या में जनहानि और बड़ी मात्रा में आर्थिक क्षति पहुंची है, ईरानके हजारों लोग मारें गए और 25000 से ज्यादा बड़ी-बड़ी बिल्डिंग,स्कूल और हॉस्पिटल ध्वस्त हुए हैं, ईरान में शिया सुन्नी झगड़ा भी अपने चरम पर है। सुन्नी लोग अब शासन का तख्ता पलटने के प्रयास में लगे हुए हैं। अमेरिका तथा इजरायल युद्ध से ईरान में हुए इस नुकसान को पूरा करने में ईरान को 15 से 20 साल लग सकते हैं।

ईरान की सरकार और उनकी जनता के बीच जिस तरह से करो या मरो की स्थिति बनी है, जिसके परिणाम स्वरुप वहां की जनता और नेता यह चाहते हैं कि परमाणु बम बनाना तथा ईरान इजरायल और उसके सहयोगी देशों पर परमाणु हमला करना ही उनके अस्तित्व को बचाने के लिए अंतिम और सम्यक विकल्प हो सकता है। यदि ऐसा होता है तो निश्चित तौर पर अमेरिका इजरायल और ईरान यदि परमाणु संघर्ष में बदल सकता है। इसके परिणाम में यह परमाणु युद्ध मानव इतिहास के उन भयावह क्षणों से भी अधिक विनाशकारी होगा, जिनकी शुरूआत द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिका द्वारा किए गए परमाणु हमलों से हुई थी।

हिरोशिमा पर परमाणु बम विस्फोट की घटना 6 अगस्त 1945 को हुई थी, जब अमेरिका ने जापान के शहर हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया था। इसके तीन दिन बाद, नागासाकी पर परमाणु बम विस्फोट 9 अगस्त 1945 को हुआ, जब अमेरिका ने ही नागासाकी पर दूसरा परमाणु बम गिराया।

यह घटनाएँ द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम चरण में अमेरिका और जापान के बीच हुए युद्ध का हिस्सा थीं। गौर तलब है कि उसे समय के परमाणु बम सीमित शक्ति के थे और उनका प्रभाव मुख्यतः स्थानीय स्तर पर केंद्रित रहा था, जबकि आज के परमाणु हथियार अत्यधिक उन्नत, बहु-मेगाटन क्षमता वाले और दूरगामी प्रभाव वाले विकसित हो चुके हैं।

आधुनिक परमाणु युद्ध केवल एक शहर या देश तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि इसका प्रभाव विश्व के हर देश के स्तर पर फैलेगा, यदि ईरान परमाणु हथियार का उपयोग करता है या उस पर परमाणु हमला होता है तो सबसे पहले प्रत्यक्ष प्रभाव मध्य पूर्व क्षेत्र में दिखाई देगा, जिसमें इजरायल की स्थिति बहुत ज्यादा खराब हो सकती है वह पूरी तरह विनाशकारी स्थिति में पहुंच सकता है। वहां जनसंख्या का बड़ा हिस्सा तुरंत प्रभावित होगा और बुनियादी ढांचा समाप्त हो सकता है।

इसके साथ ही सऊदी अरब में रेडियोधर्मी कण पहुंचने की आशंका होगी जिससे वहां के तेल भंडार, जल स्त्रोत और जनजीवन गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। इराक और सीरिया जैसे पड़ोसी देश जो पहले से अस्थिर हैं, यहां परमाणु विकिरण के कारण मानवीय संकट और भी गहरा जाएगा, तुर्की जो यूरोप और एशिया के बीच स्थित है, वह रेडियोधर्मी बादलों के प्रभाव से कृषि और स्वास्थ्य संकट का सामना कर सकता है।

इसके आगे यह विकिरण वायुमंडलीय धाराओं के माध्यम से यूरोप के देशों जैसे ग्रीस, इटली और जर्मनी तक फैल सकता है, जहां कैंसर, श्वसन रोग और पर्यावरणीय असंतुलन बढ़ने की संभावना होगी। यदि संघर्ष बृहद रूप लेता है और अमेरिका तथा रूस जैसे परमाणु शक्तिशाली देश इसमें शामिल होते हैं तो स्थिति और भयावह हो जाएगी क्योंकि तब यह सीमित युद्ध नहीं बल्कि वैश्विक परमाणु टकराव का रूप ले सकता है।

भारत और पाकिस्तान भी इसके अप्रत्यक्ष प्रभाव से अछूते नहीं रहेंगे, यहां पर मानसूनी चक्र में बदलाव, तापमान में गिरावट और कृषि उत्पादन में भारी कमी देखने को मिल सकती है जिसे 'न्यूक्लियर विंटर' कहा जाता है। इस स्थिति में सूर्य का प्रकाश धूल और धुएं के कारण धरती तक नहीं पहुंच पाएगा जिससे वैश्विक खाद्य संकट उत्पन्न होगा, चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को भी आपूर्ति श्रृंखला टूटने, व्यापार बाधित होने और जनस्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ेगा। अफ्रीका के देश जैसे मिस्त्र और नाइजीरिया खाद्य आयात पर निर्भर हैं, वहां अकाल और भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

वहीं दक्षिण अमेरिका के देश जैसे ब्राजील में भी जलवायु परिवर्तन और कृषि हानि देखने को मिल सकती है, इस पूरे परिदृश्य में एक बड़ा अंतर यह है कि द्वितीय विश्व युद्ध के समय केवल दो बम गिराए गए थे और उनका प्रभाव सीमित समय और स्थान में रहा, जबकि आज के परमाणु हथियारों की संख्या हजारों में है और उनकी मारक क्षमता कई गुना अधिक है, आधुनिक मिसाइल तकनीक जैसे इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल, कुछ ही मिनटों में एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक परमाणु हथियार पहुंचा सकती है, इसके अलावा आज की दुनिया अधिक परस्पर जुड़ी हुई है, वैश्विक अर्थव्यवस्था, संचार प्रणाली, इंटरनेट और आपूर्ति श्रृंखलाएं एक-दूसरे पर निर्भर हैं।

इसलिए किसी एक क्षेत्र में परमाणु विस्फोट का प्रभाव पूरी दुनिया में आर्थिक मंदी, तकनीकी ठहराव और सामाजिक अराजकता के रूप में दिखाई दे सकती है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से रेडियोधर्मी विकिरण केवल तत्काल मृत्यु ही नहीं बल्कि पीढ़ियों तक चलने वाली बीमारियां जैसे कैंसर, जन्म दोष और मानसिक विकार पैदा करेगा, पर्यावरणीय दृष्टि से नदियां, महासागर और मिट्टी प्रदूषित हो जाएंगे जिससे जैव विविधता को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी।यदि हम तुलना करें तो हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए बमों ने लाखों लोगों की जान ली थी, लेकिन आज का परमाणु युद्ध अरबों लोगों के अस्तित्व को खतरे में डाल सकता है।

यह अनुमानित और विशेष रूप से संभावित अमेरिका-इजरायल-ईरान परमाणु संघर्ष केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि वैश्विक विनाशक आपदा होगा, जिसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग हर देश प्रभावित होगा, और मानव सभ्यता को सदियों पीछे धकेल सकता है। इसलिए यह केवल सैन्य या राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि मानवता के अस्तित्व का प्रश्न है।जिसे कूटनीति, संयम और वैश्विक सहयोग के माध्यम से युद्ध विराम करके ही टाला जा सकता है।

# वर्तमान वैश्विक संकट में भगवान महावीर के पंचमहाव्रत का मार्गदर्शन

पवन वर्मा

इन दिनों विश्व एक गहरे संक्रमण काल से गुजर रहा है। युद्ध , आर्थिक अस्थिरता, ऊर्जा संसाधनों पर बढ़ती निर्भरता और वैश्विक अविश्वास। ये सभी मिलकर मानव सभ्यता के सामने गंभीर प्रश्न खड़े कर रहे हैं। विशेष रूप से अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच युद्ध ने पूरे विश्व में असुरक्षा और असंतुलन का वातावरण बना दिया है। यह संघर्ष अब कुछ देशों की सीमाओं का नहीं है, और इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और सामान्य जनजीवन तक गहराई से महसूस किया जा रहा है। ऐसे जटिल और चिंताजनक समय में भगवान महावीर के पंचमहाव्रत अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह सिर्फ आध्यात्मिक उपदेश नहीं, बल्कि आधुनिक विश्व के लिए एक गहन नैतिक और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रस्तुत करते हैं।



### अहिंसा

भगवान महावीर का प्रथम और सर्वाधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत है अहिंसा। आज जब विश्व शक्तियाँ प्रत्यक्ष और परोक्ष संघर्ष में उलझी हुई हैं, तब यह सिद्धांत केवल एक नैतिक आग्रह नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की अनिवार्य शर्त बन गया है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच युद्ध ने यह संकेत दिया ही है कि यदि संवाद और संयम को प्राथमिकता नहीं दी गई, तो परिणाम व्यापक विनाश ही हो सकते हैं। युद्ध कभी समाधान नहीं देता। वह केवल नई समस्याओं को जन्म देता है। इन परिस्थितियों में महावीर का संदेश स्पष्ट है हिंसा अंततः आत्मविनाश का मार्ग है, जबकि अहिंसा ही स्थायी शांति की आधारशिला है।

### सत्य

भगवान महावीर का दूसरा सिद्धांत है सत्य। वर्तमान समय में युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि सूचनाओं, प्रचार और मनोवैज्ञानिक प्रभावों के माध्यम से भी लड़े जा रहे हैं। अधूरी जानकारी, भ्रामक समाचार और रणनीतिक प्रचार समूची दुनिया में अविश्वास को और बड़ा रहे हैं। ऐसी स्थिति में यदि सभी राष्ट्र अपनी नीतियों और निर्णयों में पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा को अपनाएं, तो संघर्ष की तीव्रता को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सत्य केवल वाणी का गुण नहीं, बल्कि नीति और व्यवहार का आधार होना चाहिए।

### अस्तेय

महावीर का तीसरा सिद्धांत अस्तेय है। अस्तेय, इसका अर्थ है, बिना अधिकार किसी की वस्तु या संसाधन पर कब्जा न करना। आज के वैश्विक परिप्रेक्ष्य में यह अत्यंत प्रासंगिक है। आधुनिक संघर्षों की जड़ में ऊर्जा संसाधनों, विशेषतः तेल और गैस पर नियंत्रण की होड़ एक प्रमुख कारण है। जब राष्ट्र अपने हितों के लिए दूसरों के संसाधनों पर प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास करते हैं, तब टकराव अपरिहार्य हो जाता है। यदि अस्तेय के सिद्धांत को अंतरराष्ट्रीय संबंधों में स्थान मिले, तो संसाधनों के न्यायपूर्ण और संतुलित उपयोग की दिशा में एक नया दृष्टिकोण विकसित हो सकता है।

### ब्रह्मचर्य

भगवान महावीर के चौथे सिद्धांत ब्रह्मचर्य का व्यापक अर्थ है आत्मसंयम और संतुलन। आज का समाज अत्यधिक उपभोग की प्रवृत्ति से ग्रस्त है। वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच यह प्रवृत्ति और स्पष्ट दिखाई देती है। यद्यपि भारत में फिलहाल पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर बनाए रखने का प्रयास किया गया है, फिर भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में उथल-पुथल का दबाव बना हुआ है। ऐसे समय में यदि हम अपनी दिनचर्या को संयमित रखें और वस्तुओं के संयमित उपभोग की जीवनशैली अपनाएं तो बाजार की उथल पुथल पर नियंत्रण रख सकते हैं। ब्रह्मचर्य हमें सिखाता है कि संयमित उपभोग ही स्थायित्व की कुंजी है।

### अपरिग्रह

महावीर स्वामी का पाँचवां सिद्धांत अपरिग्रह, आज की उपभोक्तावादी संस्कृति के लिए एक गहरी चुनौती है। अपरिग्रह का अर्थ है आवश्यकता से अधिक संचय न करना। वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में जब संसाधनों की असमानता बढ़ रही है, तब यह सिद्धांत और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। ऊर्जा संकट के समय यदि लोग अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण करने लगते हैं, तो बाजार में कृत्रिम कमी उत्पन्न होती है, जिससे कीमतों में अनावश्यक वृद्धि होती है और समाज के कमजोर वर्ग पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। अपरिग्रह हमें यह समझाता है कि संतुलित जीवन ही सामूहिक समृद्धि का आधार है।

### वैश्विक संकट और भारत का परिप्रेक्ष्य

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते टकराव का प्रभाव भारत जैसे देशों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। वैश्विक तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर महंगाई, परिवहन और औद्योगिक लागत पर पड़ता है। हालांकि भारत में फिलहाल आम उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर रखने का प्रयास किया गया है, फिर भी अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण भविष्य की अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे समय में केवल सरकारी नीतियाँ ही नहीं, बल्कि समाज का व्यवहार भी उतना ही महत्वपूर्ण हो जाता है। वर्तमान वैश्विक संकट यह स्पष्ट करता है कि केवल तकनीकी उन्नति और सैन्य शक्ति से स्थायी समाधान संभव नहीं है। इसके लिए नैतिकता, संयम और सहअस्तित्व के सिद्धांतों को अपनाना अनिवार्य है। भगवान महावीर के पंचमहाव्रत हमें यह सिखाते हैं कि अहिंसा से शांति संभव है, सत्य से विश्वास उत्पन्न होता है, अस्तेय से न्याय स्थापित होता है, ब्रह्मचर्य से संतुलन आता है और अपरिग्रह से समानता सुनिश्चित होती है। यदि मानवता इन सिद्धांतों को केवल विचार के रूप में नहीं, बल्कि व्यवहार में उतार ले, तो वर्तमान संकट केवल एक चुनौती नहीं, बल्कि एक नई दिशा का अवसर बन सकता है। यही वह मार्ग है, जो युद्ध से शांति, असंतुलन से संतुलन और भय से विश्वास की ओर ले जाता है।

# ढमोला की सफाई के बाद करायी जायेगी पांवधोई की सफाई

## जिला उद्योग बंधु व जिला व्यापार बंधु की बैठकों में समस्याओं के निस्तारण पर हुआ मंथन

वेलकम इंडिया ब्यूरो





**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि नाली-नालों की सफाई के बाद निकलने वाली सिल्ट सड़क पर एक दिन से ज्यादा ना रहे। उन्होंने नगर स्वास्थय अधिकारी को कहा कि सभी वार्डों में नाले-नालियों की ठीक से सफाई हो गयी है या नहीं ये भी सुनिश्चित कर लें। उन्होंने शहर के कूड़ाघरों पर पेंटिंग कराने व दरवाजे आदि ठीक कराने के भी निर्देश दिए। नगरायुक्त निगम के शाकुंभरी सभागार में जिला व्यापार बंधु की बैठक के दौरान समस्याओं के निस्तारण पर विस्तार से चर्चा कर रहे थे। बाद में उन्होंने जिला उद्योग बधु की बैठक को भी संबोधित किया। व्यापारी नुसरत साबरी द्वारा पांवधोई की सफाई का भी मुद्दा उठाया गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी ढमोला पर पोकलेन द्वारा सफाई का कार्य कराया जा रहा है, उसके बाद पांवधोई की सफाई करायी जायेगी। मुकुंद मनोहर गोयल ने शहीद गंज से अंसारी रोड पर पांवधोई नदी तक आने वाले नाले की जीर्ण-शीर्ण स्थिति का मामला उठाया। जिस पर नगरायुक्त ने मुख्य अभियंता निर्माण को नाले को ठीक कराने के लिए आगणन तैयार कराने के निर्देश दिए।

व्यापारी रोहित घई ने हकीकत नगर में सीएम ग्रिड की कार्यदायी संस्था द्वारा एक निजी प्लाट में एक वर्ष पूर्व व्यर्थ छोडे.गए.बडे.पाइप हटवाने की मांग की। जिस पर मुख्य अभियंता निर्माण को तुरंत हटवाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा लोहानी सराय का शौचालय ठीक कराने, पालिका बाजार सब्जी मण्डी पुल के पास यूरिनल बनवाने, अंसारी रोड पर शिवालिक बैंक के पास सड़क के गड्ढे.भरवाने, शौचालयों की साफ सफाई कराने, पुल खुमरान का कूड़ाघर हटवाने, हकीकत नगर सीएम ग्रिड से अतिक्रमण हटवाने आदि मुद्दे भी व्यापारियों द्वारा उठाये गए। व्यापारी हरपाल सिंह, जसवंत बतरा, नरेश धीमान व राजेश गुलाटी आदि ने अनेक समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया।

जिला उद्योग बंधु की बैठक में आईआईए, लघु उद्योग भारती, होजरी एसोसियेशन, सीआईएस से सम्बंधित सुनील सैनी, गौरव चौपड़ा, विकास मलिक, रविंद्र मिगलानी, आशीष मित्तल, आदि उद्यमियों द्वारा जनता रोड पर अतिक्रमण हटाने का मामला उठाया गया। अतिक्रमण सहप्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि जनता रोड पर आज अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है, कुछ दुकानदारों ने अपना सामान स्वयं ही हटाना शुरू कर दिया है।

यदि इसके बाद भी कोई अतिक्रमण रहता है तो उसे भी हटा दिया जायेगा। अंबाला रोड पर डबनी वाला कब्रिस्तान के निकट निगम की खाली पडी जमीन को सुरक्षित करने की मांग की गयी। जिस पर नगरायुक्त ने मुख्य अभियंता निर्माण को उक्त स्थान की तारबाड़ करने के निर्देश दिए।

कामधेनु उद्योग नगर में अधिकांश लाइटें खराब होने की ओर ध्यान दिलाये जाने पर नगरायुक्त ने अधिकारियों को कामधेनु उद्योग नगर की सभी लाइटें चैक करने और जो खराब है उन्हें ठीक कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उद्यमियों ने अनेक क्षेत्रों में जलभराव की समस्या की ओर ध्यान दिलाया । जिस पर अधिकारियों ने बताया कि उक्त क्षेत्रों में जल निकासी हेतु नाला निर्माण के लिए आगणन तैयार कर लिए गए है जिन्हें 15वें वित्त की बैठक में रखा जायेगा। स्वीकृति उपरान्त कार्य शुरू कराया जायेगा। उक्त दोनों बैठकों में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार व नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

# श्री मानेश्वर महादेव मंदिर में श्रीरामचरितमानस पाठ के पूणाहूंति पर हुआ भंडारा





वेलकम इंडिया संदीप तिवारी

**कछवांरोड।** सेवापुरी ब्लॉक के छतेरी गांव (मानापुर) स्थित श्री मानेश्वर महादेव मंदिर की तरफ से रामनवमी के पावन पर्व पर पूजा अर्चना की गई। इसमें सभी उपस्थितजनों ने भगवान श्रीराम की आरती किए साथ जयकारा के साथ भगवान श्रीराम के आगे नतमस्तक हुए। रामनवमी के दिन शुक्रवार को श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया जिसके पूणाहूंति पर शनिवार को विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया ।इस दौरान मंदिर के पुजारी डबलू मंगला तिवारी, सतीष तिवारी, अनुज तिवारी किशन ,ईशु तिवारी, लाल तिवारी,संकुश तिवारी,चंद्रभान तिवारी,त्रयंबक कार्तिकेय मंटा गल्लू तिवारी, अशोक तिवारी, सिक्की पटेल समेत गांव के सैकड़ो लोग मौजूद रहे ।इस मौके पर भजन गीतों की प्रस्तुति की गई। बाद में आयोजित भंडारा में बड़े संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

# डॉ.सविता चड्ढा के सानिध्य में रोहिणी में साहित्य, सम्मान और सद्भाव का अनुपम संगम

वेलकम इंडिया डॉ. शंभु पंवार



**नई दिल्ली।** राजधानी के रोहिणी सेक्टर-24 स्थित दीप विहार में चैत्र नवरात्रि अष्टमी के पावन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सविता चड्ढा के सान्निध्य में साहित्य, संस्कृति और मानवीय सद्भाव का अद्वितीय संगम देखने को मिला। आयोजन ने न केवल साहित्यिक गरिमा को नई ऊँचाइयाँ दीं, बल्कि सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश भी प्रसारित किया।

कार्यक्रम में एक ओर नवरात्रि की आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ, वहीं रमजान और ईद की शुभकामनाओं ने आपसी भाईचारे और सौहार्द को और प्रगाढ़ बनाया। इस अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. अंजू क्वात्रा को सम्मानित किया गया।

साथ ही अंतरराष्ट्रीय प्रवासी समाजसेवी एवं पं. तिलकराज स्मृति न्यास के अध्यक्ष डॉ. इंद्रजीत शर्मा को अमेरिका प्रवास हेतु भावभीनी विदाई दी गई ।गरिमामय आयोजन में डॉ. अंजू क्वात्रा, ज्योति स्वरूप, डॉ. इंद्रजीत शर्मा, डॉ. कल्पना पाण्डेय, डॉ. सैयद अख्तर नकवी, बेगम आजमी, कविता मल्होत्रा, सरोज खन्ना, कुमार सुबोध, आमोद कुमार और कृष्ण लाल सहित दिल्ली-एनसीआर के अनेक साहित्यकारों, शिक्षाविदों और विशिष्ट अतिथियों ने सहभागिता निभाई।

स्वागत-सत्कार के बीच साहित्यिक संवाद, किस्सागोई और काव्य गोष्ठी ने वातावरण को भावनाओं और रचनात्मक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

गीत, गजल, दोहे और हास्य-व्यंग्य की विविध प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। पुस्तकों के आदान-प्रदान ने साहित्यिक आत्मीयता को और सुदृढ़ बनाया।

समापन पर उपस्थित विद्वतजनों ने डॉ. सविता चड्ढा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को साहित्य, संस्कृति और सामाजिक सद्भाव का जीवंत उदाहरण बताया। यह आयोजन भव्यता के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं से ओत-प्रोत एक अविस्मरणीय अनुभव बनकर सभी के हृदय में बस गया।

# प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**टाण्डा।** ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा अंतर्गत संविलियन विद्यालय चाँदपुर के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। शनिवार को विद्यालय परिवार ने उनके सम्मान में शानदार विदाई समारोह का आयोजन किया। एआरपी,विद्यालय स्टॉफ और ब्लॉक के अन्य शिक्षकों ने उन्हें बुके एवं उपहार देकर सम्मानित किया। सभी वक्ताओं ने प्रदीप कुमार की कर्तव्यनिष्ठा, कार्यकुशलता और सहयोगी व्यवहार की खूब सराहना की ।वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक प्रदीप कुमार अपनी मेहनत, समर्पण और ईमानदारी के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार ने सभी शिक्षक साथियों का आभार जताते हुए कहा कि पूरे सेवा काल में उन्हें सभी का प्रेम और सहयोग मिला, जो हमेशा याद रहेगा। इस अवसर पर एआरपी विनय कुमार, सुमन,करुन चौहान, पूर्व एआरपी एवं वरिष्ठ शिक्षक सुभाषचंद्र, सुरेन्द्रपाल सिंह, कुलदीप शर्मा,लईक सैफी, शालिनी रस्तोगी, कुणाल,मुकेश आनंद,सुधीश शर्मा, अमित, मो0 हुसैन, अनंत सिद्धू, प्रणव पाठक,केपी, समरपाल, छोटे सिंह, शीतू,चन्द्र प्रकाश पंत, गौरव पंवार, मो0 इकराम, सौरभ, पवित्रा,सुदेश कुमार, स्वाति,सुखदेव और रेखा सक्सेना आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मो0 हुसैन और कुलदीप शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

# शालोम ट्रस्ट ने टीबी रोगियों को दिया पुष्टाहार, स्वास्थ्य सेवाओं को और सहयोग देने का लिया संकल्प



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** हापुड़ जनपद में शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट ने क्षय उन्मूलन अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ रोड (सरकारी अस्पताल )में 30 टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन जिला अधिकारी अभिषेक पांडेय के कुशल निर्देशन एवम् मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे क्षय उन्मूलन अभियान के तहत किया गया।

शालोम ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री अजीत सिंह जी ने रोगियों को सही समय पर दवाई लेने और स्वस्थ रहने के लिए प्रोटीन युक्त आहार लेने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा, 'टीबी एक इलाज योग्य बीमारी है, बस सही समय पर दवाई लेना और स्वस्थ आहार लेना जरूरी है।'

कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सा अधीक्षक डॉ कपिल गौतम ने रोगियों को टीबी के लक्षण, उपचार और बचाव के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार लेना कितना जरूरी है, और शालोम ट्रस्ट के द्वारा दिया गया पुष्टाहार उनके स्वास्थ्य में कैसे मदद करेगा।

जिला पी0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि संस्था विगत दो वर्षों से स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर क्षय रोगियों के लिए कार्य कर रही है

कार्यक्रम में स्वास्थ विभाग से जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह हसमत अली राजकुमार सिंह व शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट से अजीत सिंह अमित कुमार,क्षमा सिंह,भारती सिंह, मोनू कुमार प्रदीप कुमार संजय कुमार नीरज कुमार वंदना स्तुति सिंह बिंदु आदि उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क विधिक सहायता व साक्षरता शिविर में नागरिकों को किया जागरुक



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** इन्द्रप्रस्थ शैक्षिक संस्थान के स्वामी विवेकानंद लॉ कालेज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हापुड़ के द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता व साक्षरता शिविर अंबेडकर पुस्तकालय पर किया गया ।कार्यक्रम में कालेज प्रबन्धन पदाधिकारी डॉ. विकास अग्रवाल ने संदेश के माध्यम से कहा कि समान के कमजोर और जरूरतमंद लोगों को सिविल व अपराधिक मामलों में निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है ।प्रबन्धन पदाधिकारी डॉ. विपिन गुप्ता ने कहा कि पर्देश के मा से कहा कि विधिक सहायता एक दान नहीं बल्कि एक नैतिक दायित्व है विधि के शासन का प्रसार देश के प्रत्येक क्षेत्र में होना चाहिए। प्रबंधन पदाधिकारी दीपक बाबू ने कहा कि किसी व्यक्ति को न्याय से वंचित न रहने दे। विधिक सहायता प्रदान की जाए। विधि संकाय के प्रचार्य डॉ. राजवीर कुमार ने कहा कि निशुल्क कानूनी सहायता अर्थिक रूप से कमजोर, हाशिए पर रहने वाले या असुरक्षित नागरिको को निशुल्क कानूनी सेवाएं करना है। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पराविधिक स्वयं सेवकों ने नालसा के हेल्पलाइन नंबर 15100, निशुल्क पैनल अधिवक्ता दिलाने, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# सहारनपुर के विकास के लिए 72 करोड़ 85 लाख के कार्यो को हरी झण्डी





वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में 15 वां वित्त आयोग एवं नगरीय अवस्थापना विकास निधि की शाकुंभरी सभागार में हुई बैठक में करीब 72 करोड़ 85 लाख रुपये के विकास कार्यो को हरी झण्डी दी गयी। महापौर ने कहा कि सहारनपुर महानगर को एक आदर्श शहर बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नगर निगम शहर में विकास का रथ तेजी से आगे बढ़ा रहा है। आज 72 करोड़ 85 लाख के विकास कार्यो की स्वीकृति उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में हुई 15 वां वित्त आयोग एवं नगरीय अवस्थापना विकास निधि की बैठक में अवस्थना निधि से करीब साढे.04 करोड़, पंद्रहवां वित्त आयोग बुनियादी अनुदान (अनटाइड ग्रांट) के अंतर्गत करीब 36 करोड़ 20 लाख तथा 15 वां वित्त आयोग निर्दिष्ट अनुदान (टाइड ग्रांट) के तहत करीब 32 करोड़ 09 लाख रुपये के विकास कार्य स्वीकृत किये गए।

पंद्रहवां वित्त आयोग बुनियादी अनुदान (अनटाइड ग्रांट) के अंतर्गत लगभग ढाई करोड़ रुपये शिवपुरी शमशान घाट के जीर्णोद्धार के लिए तथा वार्ड 02 में पिंजौरा शमशान घाट के निर्माण के लिए लगभग 42 लाख, मानकमऊ शमशानघाट के सौंदर्यीकरण के लिए करीब 66 लाख तथा वार्ड 50 हकीकत नगर में शमशान घाट वाली सड़क निर्माण के लिए करीब 27 लाख रुपये स्वीकृत किये गए है।

इसके अलावा वार्ड 46 धोबीघाट के पास पुलिस चौकी से काली मंदिर तक पांवधोई नदी की रिटेनिंग वाल एवं नदी को कूडे.से बचाने के लिए जाल लगाने व साइड पटरी के निर्माण के लिए लगभग 65 लाख रुपये स्वीकृत किये गए है।

वार्ड 55 में मिशन कम्पाउण्ड में कोर्ट रोड पुल से विशाल मेगा मार्ट होते हुए रेलवे की सड़क तक सी सी सड़क निर्माण के लिए लगभग 60 लाख तथा कोर्ट रोड पुल से विशाल मेगा मार्ट होते हुए लक्ष्मणपुरी कॉलोनी की सड़क तक दोनों साईड इन्टर लॉकिंग टाइल्स के लिए करीब 67 लाख रुपये स्वीकृत किये गए है।

इसके अलावा शहर के विभिन्न वार्डो में पानी निकासी के लिए नालों का निर्माण, पुलिया व सड़क निर्माण आदि कार्यो के लिए करोड़ों रुपयों की स्वीकृति दी गयी है।

# कुर्की और सीलिंग से बचने के बस तीन दिन




वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** बस तीन दिन बाकि रह गए हैं प्रोपर्टी की कुर्की या सील होने की कार्रवाई से बचने और 20 प्रतिशत छूट का फायदा उठाने के।31 मार्च तक जो लोग अपने भवनों का टैक्स जमा करा देंगे वे न केवल उक्त दंडात्मक कार्रवाई से बचेंगे बल्कि 20 प्रतिशत छूट का लाभ भी ले सकेंगे। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर 31 मार्च तक नगर निगम का हाउस टैक्स विभाग जनता की सुविधा के लिए लगातार खुलेगा, यहां तक कि रविवार अवकाश वाले दिन भी खोला जायेगा। उन्होंने बताया कि जिन भवन स्वामियों को नोटिस या जीआईएस बिल या कुर्की नोटिस आदि पर आपत्ति है वे नगर निगम पहुंचकर स्वतः कर निर्धारण का फॉर्म भरकर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए आपत्ति का निस्तारण कराएं तथा अपना बिल जमा कराएं।31 मार्च तक जमा कराये जाने वाले बिलों पर 20 प्रतिशत की छूट का लाभ भी भवन स्वामियों को मिलेगा। कर अधीक्षक ने बताया कि 31 मार्च के बाद बकायेदारों को कुर्की, भवन को सील करने की दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। 31 मार्च के बाद 20 प्रतिशत की छूट भी नहीं मिलेगी और बकाया बिल पर 12 प्रतिशत ब्याज भी देय होगा। उन्होंने बताया कि 20 प्रतिशत की छूट तथा उक्त दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए भवन स्वामियों के पास केवल तीन दिन शेष हैं।

# डीएम एवं एसपी ने थाना देल्हूपुर का निरीक्षण कर दिए जरूरी निर्देश

वेलकम इंडिया विजय द्विवेदी




**प्रतापगढ़।** थाना देल्हूपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने जनसमस्याएं सुनीं। थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतकर्ता पहुंचे और भूमि विवाद, अवैध कब्जा सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनके निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व-पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करे और समय-सीमा और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता-विपक्षी पक्ष दोनों को बुलाकर पारदर्शी तरीके से प्रकरण का समाधान कराया जाए, जिससे भविष्य में विवाद की पुनरावृत्ति न हो। डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन को न्याय पाने के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

थाना समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना देल्हूपुर कार्यालय व परिसर का संयुक्त निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनसुनवाई रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन करते हुये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने थाना परिसर के सामने खड़ी जब्त/निष्प्रयोज्य वाहनों को अन्य स्थान पर सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए, ताकि आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इसके साथ ही परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा नियमित रूप से जनसुनवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी उपस्थित रहे।

# यूपीएससी परीक्षा पास करने पर शिवानी त्यागी का सम्मान

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** ग्राम दत्तियाना निवासी शिवानी त्यागी के यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने उनके ए-टू-जेड कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने उन्हें फूलों का बुके भेंट कर बधाई दी और उनकी इस उपलब्धि को जनपद हापुड़ के लिए गौरवपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शिवानी त्यागी की सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन हुआ है। कांग्रेस पार्टी की ओर से परिवार को भी हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। शहर अध्यक्ष इरफान अहमद ने कहा कि आज बेटियां देशभर में अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि शिवानी त्यागी अपनी इस उपलब्धि के बाद जनसेवा में पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगी। उन्होंने इस सफलता का श्रेय शिवानी के माता-पिता को देते हुए कहा कि माता-पिता ही बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नवरत्न त्यागी, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, एससी-एसटी कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश भाटी, जिला महासचिव एवं मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग, संजय छाबड़ा, गोपाल भारती, महबूब अली, अमित कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन समारोह सम्पन्न

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/गोवर्धन।** स्व० श्री जगदीश कुमार मित्तल जी एवं श्रीमती सुमन मित्तल जी की पुण्य स्मृति में सेठ कन्हैयालाल धार्मिक ट्रस्ट के सौजन्य से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन समारोह कल्याणं करोति नेत्र संस्थान परिसर, गोवर्धन रोड, मथुरा पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान श्री गणेश जी के समक्ष धनेष मित्तल एवं परिवारिजनों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

धनेश मित्तल(प्रबन्ध ट्रस्टी, सेठ कन्हैयालाल धार्मिक ट्रस्ट) ने बताया कि यह निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर उनके माता-पिता स्व० श्री जगदीश कुमार मित्तल जी एवं श्रीमती सुमन मित्तल जी की पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित कराया जाता है और इस वर्ष यह पन्द्रहवाँ शिविर है। उन्होंने कहा कि वे विगत कई वर्षों से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान से जुड़कर नेत्र रोगियों की सेवा कार्य में सहयोग कर रहे हैं और आगे भी यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा।

उन्होंने आगे कहा कि कल्याणं करोति नेत्र संस्थान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ब्रज क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों के नेत्र रोगियों को बेहतर उपचार सुविधाएँ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है, ताकि मरीजों को उपचार के लिए दूर-दराज के शहरों में न जाना पड़े और उन्हें सभी आवश्यक नेत्र चिकित्सा सुविधाएं एक ही स्थान पर सहज रूप से प्राप्त हो सकें।

संस्था निरंतर सेवा, उपचार और जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता कर रही है।

श्रुति मित्तल ने अपने दादा-दादी का स्मरण करते हुए कहा कि परिवार के सभी सदस्य आगे भी असहाय एवं जरूरतमंद नेत्र रोगियों की सेवा के लिए कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के साथ मिलकर कार्य करते रहेंगे।

शैलेन्द्र चतुर्वेदी, निदेशक ऑपरेशन, कल्याणं करोति नेत्र संस्थान ने बताया कि संस्थान द्वारा नेत्र रोगियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नेत्र उपचार सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भी संस्थान में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही नेत्र सम्बन्धी शिक्षा के क्षेत्र में भी आगामी वर्षों में विभिन्न प्रकार की शिक्षा एवं प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि संस्थान का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक अभाव के कारण अपनी दृष्टि से वंचित न रहे। निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में दूर-दराज के क्षेत्रों से आए कुल 983 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 101 नेत्र रोगियों की शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ चिकित्सीय टीम द्वारा सफलतापूर्वक की गई। शिविर में सभी रोगियों के लिए दवाईयाँ, चश्मे, भोजन, पलंग-बिस्तर सहित आवश्यक समस्त व्यवस्थाएँ पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम का संचालन निरूपम भार्गव ने किया।

इस अवसर पर राजेष मित्तल, नीता मित्तल, सन्देष मित्तल, मुकेष अग्रवाल, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सुधा नर्सरी पर ट्रैफिक पुलिस का अभियान, ऑटो-ई-रिक्शा से हटाई गईं अतिरिक्त सीटें

वेलकम इंडिया मयूर खान



**आगरा।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सुधा नर्सरी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर ऑटो और ई-रिक्शा में लगी अतिरिक्त सीटों को हटवाया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे वाहनों की जांच की, जिनमें क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने के लिए अतिरिक्त सीटें लगाई गई थीं। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस तरह की व्यवस्था न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बनती है।

इस कार्रवाई के दौरान टीआई संजीव गौतम एवं मुख्य आरक्षी सहित ट्रैफिक पुलिस टीम मौके पर मौजूद रही। अधिकारियों ने वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि किसी वाहन में अतिरिक्त सीटें या ओवरलोडिंग पाई गई, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि वे सुरक्षित और नियमों के अनुरूप वाहनों का ही उपयोग करें, ताकि सड़क हादसों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

# ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बलदेव ने किया नवरात्रों का आयोजन, देवी 9 के स्वरूपों की सजाई सुंदर झांकियां

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बलदेव के प्रभु प्रिय धाम के तत्वाधान में नवरात्रों को सुंदर आयोजन हुआ।जिसमें मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, आदि रूपों की चैतन्य झांकी सजाई गई। सभी भक्तगणों ने भरपूर आनंद लिया।स्थानीय प्रभारी ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने देवियों के 9 स्वरूपों का आध्यात्मिक रहस्य को समझाते हुए कहा कि हम 9 दिन तक पूजा अर्चना व्रत जागरण आदि करते हैं।

लेकिन दैवी मां कोई और नहीं वो तुम्ही हो जो अपने दुगुर्णों का नाश करती है वही दुर्गा है,व्रत रखो बुराइयों,कमियों विकारों का अपनी अंतर आत्मा को जगाओ तभी सच्चा जागरण होगा ।

माउंट आबू से पधारे बी.के.सत्यनारायण भाई, बी. के.अर्जुन, बी. के.घनश्याम ने बताया कि समय बहुत कम है इसलिए अब अपने पुरुषार्थ में लग जाओ समय इशारा दे रहा है कि भगवान धरती पर आ चुके हैं, और अब कलियुग समाप्ति की ओर है इसलिए जागो और समय को पहचानों।

साथी बी.के.रेनू बहन ने कार्यक्रम की व्यवस्था की संभालते हुए आए हुए सभी भक्तगणों का तिलक ,पटका से स्वागत किया।मातारानी की भेंट भी गाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। सभी को भोग वितरण कराया गया। इस अवसर पर बी. के.मोहन भाई ,जगदीश भाई, कृष्णा, कुसुम, रंजन, राजवती, गुड्डी, मीरा ,बंटी, पूनम, सोना,प्राची आदि उपस्थित रहे।

# आगरा में 8 वर्षीय बच्ची की हत्या मामले में आरोपी सुनील ढेर

वेलकम इंडिया मयूर खान



**आगरा।** आगरा के थाना ताजगंज क्षेत्र में 24 मार्च 2026 को 8 वर्षीय बच्ची गायब हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर बच्ची की बरामदगी हेतु टीमों का गठन किया था। अगले ही दिन बच्ची का शव उसी के मकान में किराए पर रह रहे सुनील के कमरे से बरामद हुआ।

पुलिस ने आरोपी सुनील की गिरफ्तारी हेतु 12 टीमें गठित की थीं। 27/28 मार्च 2026 की रात को चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना बमरौली कटारा क्षेत्र में टीमों ने घेराबंदी की, जिसमें अभियुक्त सुनील ने पुलिस टीमों पर जान से मारने की नीयत से कई फायर किए, जिसमें एक उप निरीक्षक घायल हो गया। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त सुनील गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु हॉस्पिटल भिजवाया गया है। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है ।अभियुक्त सुनील पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने उसके कब्जे से 1 स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बिना नंबर, 1 तमंचा 315 बोर, 6 खोखा कारतूस एवं 3 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त, नगर सैय्यद अली अब्बास ने बताया कि साक्ष्य संकलन एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

# जिलाधिकारी ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा के बाद स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिसमें कांग्रेस से बलवीर सिंह, समाजवादी पार्टी से सोनू सिंह एवं नजीम अब्बासी तथा बसपा से मुनेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी कमरों के अंदर लगे हुए अग्निशमन यंत्रों (सिलेंडरों) को बदला गया तथा नए सिलेंडर स्थापित किए गए। जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम - वीवीपैट वेयरहाउस परिसर में स्थापित अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी नियमित रूप से अवश्य चेक करते रहे।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को मूल-भूत सुविधाएं प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करे। सतर्कता बनाए रखे तथा निरंतर निगरानी सुनिश्चित करें। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग प्रथम के अधिशासी अभियंता गुलवीर सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रामनवमी पर रूदौली में भव्य कलश विसर्जन यात्रा, खैरी घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब





वेलकम इंडिया फतेह खान

**रूदौली( अयोध्या)।** रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित अखंड रामायण पाठ के समापन के उपरांत विजयदशमी के दिन रूदौली क्षेत्र में भव्य कलश विसर्जन यात्रा का आयोजन जारी है। ग्राम पंचायत कोटरा स्थित काली मंदिर एवं हसनामऊ के माँ कोटहीन देवी मंदिर से निकली यह यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ आगे बढ़ रही है। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते हुए कलश यात्रा में शामिल हैं। पूरे क्षेत्र में जयकारों और भजनों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। यह विशाल कलश यात्रा खैरी घाट (शुजागंज) पहुंच चुकी है, जहां विधि-विधान के साथ कलश विसर्जन कार्यक्रम जारी है। मौके पर शुजागंज चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल मौजूद है, जिनमें लोकेश, रवीश, अभिषेक कुमार आदि शामिल हैं, जो सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए हैं।

# प्राचीन भारतीय वैदिक संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है श्रीराम नवमी- स्वामी गिरीशानंद जी महाराज

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** देश की राजधानी देहली के बिरला मंदिर में राम नवमी का पर्व विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रख्यात सन्त अनन्तश्री विभूषित स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज के पावन सानिध्य में मनाया गया।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता व प्रख्यात सन्त अनन्तश्री विभूषित स्वामी गिरीशानंद सरस्वती जी महाराज ने सभी भक्तों-श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम का चरित्र श्रवण कराते हुए कहा कि रामनवमी का पावन पर्व हमें भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों को अपनाने का अवसर प्रदान करता है।

भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव प्राचीन भारतीय वैदिक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है। पूज्य महाराजश्री ने कहा कि भगवान राम ने अपने जीवन में सत्य, न्याय, और धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष किया और हमें दिखाया कि जीवन में कठिनाइयों का सामना कैसे करना चाहिए। भगवान राम ने अपने जीवन में हमेशा सत्य और न्याय का साथ दिया तथा धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष किया। इसीलिए हम सभी को भगवान श्रीराम के बताए मार्ग पर चलना चाहिए,इसी में हम सबका कल्याण है।

व्यास पीठ का पूजन अर्चन करते हुए विश्व हिंदू महासंघ मठ मंदिर के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर.एन.द्विवेदी (राजू भैया) ने कहा कि भगवान श्रीराम जन-जन के आराध्य हैं। भगवान श्रीराम का समूचा जीवन मनुष्यों के लिए प्रेरणा व ऊर्जा का श्रोत है।

श्रीराम ने पृथ्वी पर मनुष्य जन्म लेकर प्राणियों को पुत्र श्रेष्ठ धर्म, भ्रातृ का अटल प्रेम, मित्र का अटूट विश्वास, पति का परम कर्तव्य एवं राजा का निष्पक्ष न्याय का संदेश दिया। महोत्सव में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जितेंद्र माहेश्वरी, उत्तर प्रदेश के दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रमाकांत उपाध्याय (गो सेवा आयोग) एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा (मध्य प्रदेश) के प्रभारी अनिल सूद पंडित श्री राम गोपाल शुक्ल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक व प्रख्यात उद्योगपति बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला ने सभी का आभार प्रकट किया।

# मथुरा के युवा कृष्णा राजपूत को मिला विशेष आमंत्रण, अटॉर्नी जनरल से हुई मुलाकात



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित भारतीय संविधान क्लब में शनिवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मथुरा के युवा सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा राजपूत को विशेष आमंत्रण प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर उन्हें देश के माननीय अटॉर्नी जनरल श्री आर. वेंकटरमणि से मिलने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान हुई यह मुलाकात कृष्णा राजपूत के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रही। उन्होंने कहा कि देश के सर्वोच्च विधि अधिकारी से संवाद ने उन्हें संवैधानिक मूल्यों, न्याय व्यवस्था और जनसेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को और बेहतर ढंग से समझने का अवसर प्रदान किया। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जहां कानून, संविधान और समाज से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। मथुरा के युवा कृष्णा राजपूत की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है।

# बासौनी के थाना प्रभारी सतेंद्र पाल और पिनाहट के मनोज कुमार लाइन हाजिर, देहात क्षेत्र के चार थानों में नए प्रभारी तैनात, कमिश्नरेट में सख्ती का संदेश

वेलकम इंडिया मयूर खान

**आगरा।** पुलिस कमिश्नरेट आगरा में एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिला है। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने देहात क्षेत्र के चार थाना प्रभारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई महत्वपूर्ण थानों पर नए अधिकारियों की तैनाती के आदेश जारी कर दिए हैं। इस कार्रवाई में बासौनी थाना प्रभारी सतेंद्र पाल और पिनाहट थाना प्रभारी मनोज कुमार पर गाज गिरी है। दोनों को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

पुलिस आयुक्त की इस कार्रवाई को कमिश्नरेट में कार्यशैली, कानून-व्यवस्था और जवाबदेही को लेकर सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। देहात क्षेत्र के थानों में हुए इस बदलाव के बाद पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है।

## चार थानों को मिले नए प्रभारी

जारी आदेश के अनुसार, पिनाहट थाना की कमान अब निरीक्षक वीरेश पाल गिरी को सौंपी गई है। वहीं बासौनी थाना में उप निरीक्षक प्रवीन्द्र कुमार को नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा खेरागढ़ थाना में उप निरीक्षक हरीश कुमार को थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि बमरौली कटारा थाना की जिम्मेदारी उप निरीक्षक दीपक कुमार तिवारी को दी गई है। इस तरह एक ही आदेश में देहात क्षेत्र के चार अहम थानों की कमान नए अधिकारियों को सौंप दी गई है।

## किस पर गिरी गाज, किसे मिली नई जिम्मेदारी

पुलिस आयुक्त द्वारा जारी आदेश के मुताबिक निरीक्षक वीरेश पाल गिरी को प्रभारी निरीक्षक, पिनाहट, उप निरीक्षक हरीश कुमार को थानाध्यक्ष, खेरागढ़, उप निरीक्षक दीपक कुमार तिवारी को थानाध्यक्ष, बमरौली कटारा और उप निरीक्षक प्रवीन्द्र कुमार को थानाध्यक्ष, बासौनी बनाया गया है।

## कमिश्नरेट की कार्रवाई से पुलिस महकमे में बढ़ी हलचल

देहात क्षेत्र के थानों में अचानक हुए इस बदलाव के बाद पुलिस विभाग में चचाओं का दौर शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि हाल के दिनों में थानों की कार्यप्रणाली, शिकायतों के निस्तारण और कानून-व्यवस्था की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है।

हालांकि आधिकारिक तौर पर लाइन हाजिर किए जाने के पीछे विस्तृत कारण सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, लेकिन कमिश्नरेट स्तर पर हुई इस कार्रवाई को सख्त प्रशासनिक अनुशासन और फील्ड पर बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत छात्राओं को किया जागरूक



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर एवं क्षेत्राधिकारी नगर वरुण मिश्रा के निदेशानुसार मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिला थाना हापुड़ की टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।प्रभारी निरीक्षक अरुणा राय के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने एस.एस.वी. डिग्री कॉलेज, हापुड़ में पहुंचकर छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान, नारी सुरक्षा, एंटी रोमियो अभियान एवं साइबर जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।कार्यक्रम में महिला हेल्प डेस्क, साइबर क्राइम, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, नए कानूनों तथा घरेलू हिंसा जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को आपातकालीन सहायता हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी प्रदान की गई, जिनमें 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1090 (वूमेन पावर हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) एवं 102 (स्वास्थ्य सेवा) शामिल हैं।इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे सामूहिक विवाह योजना एवं कन्या सुमंगला योजना के बारे में भी छात्राओं को अवगत कराया गया।

# थाना समाधान दिवस में सीओ सिटी ने सुनीं जन समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** जनपद के थाना बाबूगढ़ में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर सीओ सिटी वरुण मिश्रा द्वारा आम जनता की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी-अपनी समस्याएं लेकर थाना परिसर पहुंचे।सीओ सिटी वरुण मिश्रा ने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों का पुलिस प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का मौके पर सत्यापन कर यथासंभव तुरंत निस्तारण किया जाए, तथा जिन मामलों में समय लगे, उनमें भी निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।सीओ सिटी वरुण मिश्रा का बयानःजनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है।

थाना समाधान दिवस के माध्यम से हम सीधे लोगों की बात सुनते हैं और उनका निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करते हैं। सभी अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तय समय में उनका समाधान करें।इस दौरान थाना बाबूगढ़ प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे और उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की। थाना समाधान दिवस के सफल आयोजन से क्षेत्रीय लोगों को अपनी समस्याएं रखने का एक प्रभावी मंच मिला, जिससे आमजन में संतोष एवं विश्वास का माहौल देखने को मिला।

# संगठन की मजबूती और आगामी संघर्ष का संकल्प: संतकबीरनगर में राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल जी का संवाद

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**संतकबीरनगर।** रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी, संतकबीरनगर के कार्यालय पर संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों को लेकर एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश (पूर्वांचल जोन) के प्रभारी, पूर्व विधायक आदरणीय सत्यनारायण पटेल का मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए और जननायक राहुल गाँधी के हाथों को मजबूत करने के पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जुट जाएं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता पूरी तरह त्रस्त है। मंहगाई, बेरोजगारी की समस्या ज्यों की त्यों है। पेट्रोल - डीजल की कीमते आसमान छू रही हैं।

देश बहुत बुरे हालात से गुजर रहा है ऐसे समय में लोग जननायक राहुल गाँधी और कांग्रेस की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि ज्यादातर बूथों पर कमेटी का गठन पूरा हो गया है।

जल्द ही हम सभी बूथों पर कमेटी का गठन कर लेंगे। भाजपा सरकार को सत्ता से उखाड़ फेकने के लिए कांग्रेस पार्टी का मजबूत होना जरूरी है। जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में संगठन के विस्तार और जनहित के मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई।



इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद नजीर, सुनील पाण्डेय, अरुण पाण्डेय शान्ति देवी सहित पीसीसी सदस्य नीलम चतुर्वेदी, सतीश साहनी, और मोईन अंसारी ने संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखे। साथ ही, ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष डॉ. अखिलेश शर्मा, रियाज अहमद, राजेन्द्र चतुर्वेदी, ब्लॉक अध्यक्ष मो. अकरम नजीर, निसार अहमद, सोशल मीडिया विभाग के जिलाध्यक्ष मु. परवेज अख्तर, न्याय पंचायत अध्यक्ष (दुधारा) मुहम्मद तव्वाब, जिला उपाध्यक्ष (सोशल मीडिया) सत्या त्रिपाठी और मेहदावल विधानसभा को-ऑर्डिनेटर सचिन कुमार सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## जनपद के 467 परिषदीय विद्यालय हुए निपुण शिक्षक किए गए सम्मानित



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2025 ,26 में जनपद में स्थित 467 परिषदीय विद्यालयों को शनिवार को पंचायत रिसोर्स केंद्र पर आयोजित निपुण सम्मान समारोह निपुण घोषित कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि निपुण भारत मिशन अंतर्गत डीएलएड प्रशिक्षु द्वारा विद्यालय का घन आंकलन किया गया। जिसमें 467 निपुण विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षक शिक्षिकाओं को निपुण सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर ब्लाकों के खंड शिक्षा अधिकारी आशीष सिंह,जनार्दन यादव,महेंद्र प्रसाद ,अखिलेश कुमार चंद,मनोज कुमार अनिल,राम निवास,शैलेन्द्र कुमार वरुण,कमाल अहमद,योगेन्द्र राजभर,महताब आलम, अजमालुररहमान ,बेलाल अहमद,सहित प्रतिनिधि मौजूद रहे।

खंड शिक्षा अधिकारी सेमरियावां आशीष कुमार सिंह ने शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य हेतु बधाई दिया है।

# संतकबीरनगर में सपा नेता रोहित पांडेय का ऐतिहासिक स्वागत, कार्यकताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**संतकबीरनगर।** जनपद में समाजवादी पार्टी के नेता रोहित पांडेय के प्रथम आगमन पर कार्यकताओं और समर्थकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

जनपद की सीमा टेमा से लेकर खलीलाबाद स्थित हीरालाल डिग्री कॉलेज तक जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया गया। हजारों की संख्या में मौजूद कार्यकताओं ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार अभिनंदन करते हुए पूरे क्षेत्र को उत्सव में बदल दिया।

### जिला कार्यालय पर भव्य कार्यक्रम, नेताओं ने किया गर्मजोशी से स्वागत

जैसे ही रोहित पांडेय का काफिला समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचा, वहां जिला अध्यक्ष अब्दुल कलाम के नेतृत्व में वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कार्यालय परिसर में कार्यकताओं का उत्साह चरम पर रहा। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष रामवृक्ष यादव, सुरेंद्र यादव, विनोद यादव, नित्यानंद यादव, गौहर अली खान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रोहित पांडेय बोले—2027 में बनेगी पूर्ण बहुमत की सरकार

मीडिया से बातचीत में रोहित पांडेय ने कहा कि उन्होंने 5 मार्च को अखिलेश यादव की विचारधारा से प्रभावित होकर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली थी। अपने गृह जनपद में मिले अपार प्रेम से अभिभूत पांडेय ने विश्वास जताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी। उन्होंने भव्य स्वागत के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं का आभार भी व्यक्त किया।

# थाना दुधारा पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 25,000 रुपये के इनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अरविन्द कुमार शर्मा के नेतृत्व में हे0का0 जयचन्द्र कनौजिया, का0 गुड्डू यादव ने मु0अ0सं0 665/2024 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना कोतवाली खलीलाबाद से सम्बन्धित वांछित 25,000 रुपये के इनामिया अभियुक्त सौरभ शर्मा पुत्र उमेश कुमार निवासी खैरा, थाना हवेली खड़गपुर, जनपद मुंगेर, राज्य बिहार को शनिवार को सालेहपुर तिराहा से विधिक नियमों का पालन करते हुये गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया ।

# डीएम व एसपी ने थाना कोतवाली खलीलाबाद में नवनिर्मित मिशन शक्ति केन्द्र व भोजनालय का फीता काटकर किया गया उद्घाटन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा संयुक्त रुप से थाना कोतवाली खलीलाबाद पर नवनिर्मित मिशन शक्ति केन्द्र व भोजनालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा मेस की स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गये। अधिकारीद्वय ने कहा कि पुलिस कर्मियों को पौष्टिक और स्वच्छ भोजन मिलना अत्यंत आवश्यक है। तत्पश्चात मिशन शक्ति केन्द्र, मालखाना व अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों से बातचीत की और निर्देश दिए कि थाने पर आने वाली पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना जाए। मिशन शक्ति अभियान के तहत गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति निरंतर जागरूक किया जाए । तत्पश्चात थाना कोतवाली खलीलाबाद परिसर में ग्राम प्रहरियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के समस्त ग्राम चौकीदार उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारीद्वय द्वारा बताया गया कि ग्राम चौकीदार पुलिस और जनता के बीच सबसे सशक्त कड़ी होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली छोटी से छोटी गतिविधि एवं सूचना समय से पुलिस तक पहुंचाने में उनकी भूमिका अत्यंत अहम होती है, जिससे संभावित विवादों एवं अप्रिय घटनाओं को समय रहते रोका जा सकता है। तत्पश्चात ग्राम प्रहरियों को अंगवस्त्र व टार्च वितरित किये गये। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अरूण कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार, गोपनीय निरीक्षक अविनाश प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दूबे, रीडर एसपी रामआशीष यादव, पुलिस अधीक्षक पीआरओ पी0के0 गुप्ता सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे ।

# बाइक की टक्कर से 7 वर्षीय बालक घायल,चालक फरार

**वेलकम इंडिया मोहसिन रहमानी**



**कांधला।** नगर के बाईपास मार्ग पर एक अज्ञात बाइक सवार ने 7 वर्षीय बालक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल बालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। शनिवार को मोहल्ला शैखजादगान निवासी अमजद का 7 वर्षीय पुत्र अहमद बाईपास मार्ग से पैदल अपनी मां के घर जा रहा था। परिजनों के अनुसार तभी पीछे से आए अज्ञात बाइक सवार ने मासूम बालक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बालक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। शोर-शराबा होने पर आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल बालक को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियाद





**वेलकम इंडिया मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** शनिवार को थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी अरविंद चौहान व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुंचे, जिन्होंने घरेलू हिंसा, मारपीट, जमीन विवाद व अन्य समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। गांव डून्डूखेड़ा निवासी विद्य्य पत्नी बिजेंद्र ने शिकायत करते हुए बताया कि बीती एक दिसंबर को उसके पति व ससुर ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़िता का आरोप है कि मेडिकल परीक्षण कराने के बावजूद पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया।

इस पर पुलिस अधीक्षक ने थाना पुलिस को तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए ।सलेमपुर मार्ग निवासी खुशी ने आरोप लगाया कि उसके पति बिलाल द्वारा उसके साथ मारपीट की गई है ।

पीड़िता ने बताया कि वह गर्भवती है और उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उसने अपने पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने मामले में जांच करकार्रवाई के निर्देश दिए ।इसके अलावा समाधान दिवस में कई फरियादियों ने जमीन संबंधी विवाद, कब्जा, रास्ते के झगड़े और पारिवारिक मामलों की शिकायतें भी दर्ज कराईं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध, निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके ।इस दौरान उप जिलाधिकारी निधि भारद्वाज, क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सहित राजस्व विभाग की टीम व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दुधारा थाना पर समाधान दिवस का किया गया आयोजन

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** शनिवार को दुधारा थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे। थाना दुधारा परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार राजेश कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और सम्बंधित को निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान दिवस में चार राजस्व के मामले प्रस्तुत हुए जिसमें किसी भी समस्या का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। इस मौके पर उपनि. राजेश सिंह, राम कुशल सिंह, राम सूरत प्रसाद, दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव, श्यामसुन्दर, संजय कुमार मिश्रा, अब्दुल मुफीद, राम करण शर्मा सहित अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## रंजिश में दो सगे भाइयों पर लाठी-डंडों से हमला,;नामजद व अज्ञात में मुकदमा

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया )।** थाना क्षेत्र के गांव डून्डूखेड़ा में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने खेत पर काम कर रहे दो सगे भाइयों पर लाठी–डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया ।प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर तीन नामजद सहित कई अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है ।गांव डून्डूखेड़ा निवासी ओमपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पुत्र मोनू और आदेश खेत पर कृषि कार्य करने गए हुए थे। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोग उनके परिवार से पुरानी रंजिश रखते हैं। इसी रंजिश के चलते आरोपी जोशी, कैसर और मनजीत अपने कई अज्ञात साथियों के साथ खेत पर पहुंचे और गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों भाइयों पर लाठी–डंडों से हमला बोल दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर–शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिन्हें आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर तीन नामजद और कई अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनी जनता की समस्याएं



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** शनिवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने थाना समाधान दिवस पर संयुक्त रुप से थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पहुंचकर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया। जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना तथा वहां मौजूद सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों के शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया ।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी खलीलाबाद अरुण कुमार, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार सहित राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# कपुरपुर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या से क्षेत्र में सनसनी पुलिस जाँच पड़ताल में जुटी

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** हापुड़ जनपद के थाना कपुरपुर क्षेत्र में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। युवक की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। आपको बता दे कपूरपुर थाना क्षेत्र में एक आम के बाग में इबरत खान नाम के युवक का गोली लगा हुआ शव मिला है। युवक की हत्या की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

जिले एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह क्षेत्राधिकारी पिलखुवा अनीता चौहान व थाना प्रभारी निरीक्षक कपूरपुर रघुराज सिंह मौके पर पहुंचे हैं। बताया जा रहा है इबरत खान कपड़ों की फेरी लगाने का कार्य करता था।

मृतक इबारत खान जनपद बदायूं का रहने वाला था वह हापुड़ में किराए पर रहता था।

फिलहाल हत्या क्यों की गई है और किन लोगों ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। ये जानना पुलिस के लिए चुनौती है।

हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने घटनास्थल का मौका मुआयना करके पुलिस ने फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं पुलिस के आला अधिकारियों का कहना है जल्दी ही हत्यारोपियों की गिरफ्तारी कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# शोक संवेदना के बीच मुनेन्दर गुर्जर के सियासी तेवर, उठाए सरकार पर सवाल

वेलकम इंडिया जाकिर तुर्क



**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर स्थित सपा नेता व भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) के प्रवक्ता मुमताज आलम के आवास पर उनके पिता मास्टर शफीक उज्जमा खान के निधन के उपरांत शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलवान मुनेन्दर गुर्जर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस दौरान पहलवान मुनेन्दर गुर्जर ने देश की एकता और सामाजिक सौहार्द पर जोर देते हुए कहा कि देश की आजादी में मुस्लिम समाज का अहम योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि मुसलमान पांच वक्त सजदा कर धरती मां को सलाम करता है, इससे बड़ा देशप्रेम का उदाहरण और क्या हो सकता है। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार धर्म के नाम पर समाज को बांटने का कार्य कर रही है। कहा कि सरकार की राजनीति हिंदू-मुस्लिम, पाकिस्तान, गाय जैसे मुद्दों तक सीमित होकर रह गई है, जबकि असली मुद्दों से ध्यान हटाया जा रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) ने संकल्प लिया है कि समाज को बांटने की किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चाहे जितना भी प्रयास हो, हम हिंदू और मुसलमान को एकजुट करके रहेंगे। मुमताज आलम के आग्रह पर उनके आवास पर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष (अराजनीतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरंजीत गुर्जर भी पहुंचे और परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस मौके पर पूर्व प्रधान यूसुफ खान, प्रदेश सचिव जावेद खान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मोहित बैंसला, जिला महासचिव (युवा) देव खटाना, देव कुमार (युवा मंडल उपाध्यक्ष), अमन चौधरी, हुमायूं खान, शकील खान, मिस्बाह उल्ला खान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

शोकसभा का माहौल गमगीन रहा, जहां सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दिवंगत भाजपा नेता ताराचंद अहेरी की शोक सभा में पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी ने दी श्रद्धांजलि,

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मेरठ।** किठौर क्षेत्र के कस्बा शाहजहांपुर निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता ताराचंद अहेरी के निधन पर आयोजित शोकसभा में क्षेत्रभर से जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का माहौल भावुक रहा, जहां सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकसभा में पहुंचे पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी ने स्व. अहेरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

उन्होंने कहा कि ताराचंद अहेरी एक कर्मठ और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे, जिनकी कमी समाज को हमेशा खलेगी। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनुज नागर, फैजी खान, अंकुर राणा, अनिल अग्रवाल, जाकिर खान, आरिफ खान, तारिक खान, पवन पाल, मगन पाल गुर्जर, अंकित भड़ाना (भडोली) समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

# नारायणपुर नहर के पास से गैंगस्टर में वांछित दो शातिर गिरफ्तार



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना डिबाई पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को नारायणपुर नहर के पास से दबोचा, जो काफी समय से फरार चल रहे थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ब्रजेश कुमार और अंकित के रूप में हुई है, जो अलीगढ़ जनपद के क्वार्सी थाना क्षेत्र की पंच विहार कॉलोनी के निवासी हैं। दोनों थाना डिबाई में दर्ज गैंगस्टर के एक मामले में वांछित थे और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उनके खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं।

# लैब में चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की गई मशीन बरामद

वेलकम इंडिया डीके निगम




**बुलंदशहर।** बुलंदशहर अगौता पुलिस द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को थाना पुलिस ने क्षेत्र के शाहनगर चौराहे पर एक निजी पैथोलॉजी लैब से मशीन चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की गई मशीन बरामद की है।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते शुक्रवार को थाना क्षेत्र के ग्राम शाहनगर की पुलिया पर स्थित 'पूजा पैथोलॉजी लैब' से करीब 3 लाख रुपये कीमत की ब्लड टेस्ट करने वाली मशीन चोरी कर ली गई।

जब लैब संचालक दुकान पर पहुंचा तो हैरान रह गया, संचालक ने तुरंत पुलिस को सूचना देते हुए तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई, पुलिस ने तत्काल शिकायत दर्ज कर घटना पर एक्शन लेते हुए संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी।

शनिवार को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार चौहान मय पुलिस टीम उपनिरीक्षक अनोखेलाल गंगवार, सत्यवीर सिंह, हैड कांस्टेबल अविनाश चौधरी, मनोज कुमार ने घेराबंदी करके दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, आरोपियों की पहचान ललित कुमार पुत्र होशियार सिंह निवासी ग्राम ईलना थाना औरंगाबाद व मनीष कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी ग्राम पूठी थाना औरंगाबाद जनपद बुलंदशहर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा सख्ती से पुछताछ करने पर अभियुक्तों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई ब्लड टेस्ट मशीन कीमत करीब 3 लाख रुपये व लैब का ताला तोड़ने में इस्तेमाल किया गया एक लोहे की सब्बल और घटना में प्रयुक्त एक होंडा ड्रीम युगा बाइक बरामद की है। थाना प्रभारी ने बताया की दोनों अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

# डीएम एवम एसएसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनी जनसमस्याएं



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्रुति और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने थाना डिबाई पहुंचकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं।

इस दौरान कुछ मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि अन्य शिकायतों के त्वरित व समयबद्ध समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मधूप कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक रवि रतन सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# पहासू के पूर्व चेयरमैन को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, जिलाध्यक्ष ने पार्टी झंडा परिवार को सौंपा

वेलकम इंडिया संवाददाता



**पहासू/बुलंदशहर।** नगर पंचायत पहासू के पूर्व चेयरमैन और वर्तमान चेयरमैन पति कांग्रेस नेता अजमल छोटे की उन्नाव में सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत पर कांग्रेस ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के साथ नेताओं और कार्यकताओं ने पहासू पहुंचकर कांग्रेस नेता अजमल छोटे और उनके सहयोगी मौ रजा को श्रद्धांजलि अर्पित की और तदफीन में शामिल हुए। अजमल छोटे के जनाजे पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष और नेताओं ने पार्टी का झंडा रखकर पार्टी की ओर से सस्समान अंतिम विदाई दी।

अजमल छोटे की पत्नी नगर पंचायत की कांग्रेस से वर्तमान चेयरमैन हैं और जिला कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष हैं। इस हादसे से कांग्रेस को जिले में बड़ी क्षति हुई है।

पहासू में जिले भर के कांग्रेसियों और हजारों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। अजमल छोटे पहासू सहित क्षेत्र के लोगों में लोकप्रिय नेता रहे और गांव देहात में भी उनकी अच्छी पकड़ थी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि पहासू और क्षेत्र की राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि नगर और क्षेत्र के सुख दुख में हमेशा अजमल छोटे आगे रहे।

उन्होंने कहा कि उनका असमय जाना बहुत दुखद है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, शिवकुमार शर्मा, भजनलाल विमल, सगीर अहमद, अकील खान, कामिल खान, राजकुमार बघेल, मोहनलाल, परवेज पठान, सुभाष अकेला, फैजान खान, शाहिद अल्वी, नरेश बाल्मीकि, शहर अध्यक्ष रवि लोधी, ज्ञानेंद्र राघव, नाफे अंसारी, नगर अध्यक्ष सिराज अहमद, हामिद अली, डॉ शुजात आदि मौजूद रहे।

# चौपाल फाउंडेशन के रोजगार मेले में हजारों अभ्यर्थियों किया प्रतिभाग



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर/स्याना।** क्षेत्र के नवाब फार्म हाउस में चौपाल फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य रोजगार मेले में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से ही मेले स्थल पर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं और देखते ही देखते पूरा परिसर हजारों युवक-युवतियों से खचाखच भर गया। रोजगार की तलाश में पहुंचे अभ्यर्थियों में आत्मविश्वास और उम्मीद साफ झलक रही थी। इस रोजगार मेले में दिल्ली, नोएडा और एनसीआर क्षेत्र की दर्जनों प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। विभिन्न कंपनियों के एचआर प्रतिनिधियों ने अलग-अलग काउंटर लगाकर अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए और उनकी योग्यता, अनुभव व कौशल के आधार पर चयन प्रक्रिया संपन्न की। कई अभ्यर्थियों को मौके पर ही चयन की सूचना दी गई, जिससे उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौपाल फाउंडेशन के अध्यक्ष दर्श वत्स ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना भी है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाते रहेंगे। रोजगार मेले में हापुड़, बुलंदशहर, खुर्जा, जहाँगीराबाद, अनूपशहर, डिबाई, स्याना, गुलावठी सहित दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे।

## एनएचआरसी ने मांगी रिपोर्ट

**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** बुलंदशहर थाना नरसेना क्षेत्र के गांव दौलतपुर कलां में 19 जनवरी 2026 को हुई हिंसक घटना के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (ठल्फ्ठ) ने संज्ञान लिया है। यह कार्रवाई आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह राणा की शिकायत पर की गई है। आयोग ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर से चार सप्ताह के भीतर मामले में की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। घटना में एक 17 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई थी। संगठन ने आरोपियों की गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**शिकारपुर(वेलकम इंडिया)।** अहमदगढ डिबाई–शिकारपुर मार्ग पर स्थित गांव खखूडा के पास बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। उपनिरीक्षक सतीश चन्द्र के अनुसार कस्बा व थाना डिबाई के मौहल्ला शेखम चिसती निवासी राजा उर्फ मो0 अशरफ 40 वर्ष पुत्र हाजी निसार शुक्रवार करीब 10 बजे बाइक द्वारा डिबाई से शिकारपुर की तरफ जा रहा था। रास्ते में गांव खखूडा के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। और चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग गया। जिसमें बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने घायल को उपचार हेतु शिकारपुर चिकित्सालय ले गए। वहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया और नगर में शौक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे लेकर पीएम को भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने थाने में तहरीर से इंकार किया है।

## किशोरी फरार, मुकदमा दर्ज पुलिस जांच में जुटी

शिकारपुर/अहमदगढ क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने थाने में नामजद तहरीर देते हुए कहा है कि शुक्रवार शाम 16 वर्षीया पुत्री घर पर अकेली थी। उसी दौरान गांव निवासी नितिन घर पर पहुंचा और किशोरी को बहला–फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर नितिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सोमवार को पशुवधशाला और मीट की दुकानें रहेंगी बंद

महावीर जयंती के दृष्टिगत जारी किये गए आदेश

सहारनपुर। सोमवार 30 मार्च को महावीर जयंती पर महानगर में मांस, मछली, मुर्गा आदि मीट की सभी दुकानें और पशुवधशाला पूरी तरह से बंद रहेंगे। यदि कोई भी ऐसी दुकान खुली पायी गयी तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि प्रदेश शासन के निर्देश पर तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक (महावीर जयंती) के अवसर पर किसी भी पशुवधशाला में किसी भी प्रकार के पशु का वध नहीं किया जायेगा तथा दुकानों एवं भोजनालयों में मांस आदि की बिक्री नहीं की जायेगी। उन्होंने बताया कि इसी आदेश के दृष्टिगत महानगर सीमा में मांस, मछली, मुर्गा आदि मीट की सभी दुकानों और पशुवधशालाओं को पूरी तरह से बंद रखने के निर्देश दिए गए है। पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी ने बताया कि उक्त आदेश का सख्ती से पालन कराया जायेगा। यदि आदेश का उल्लंघन कर कोई दुकान खुली पायी गयी तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## आगरा पुलिस में बासौनी व पिनाहट थाना प्रभारियों पर गिरी गाज, पुलिस आयुक्त ने जारी किए नए तैनाती आदेश

मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में पुलिस कमिश्नरेट में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने देहात क्षेत्र के चार थानों में नए प्रभारियों की तैनाती की है। इस कार्रवाई में बासौनी थाना प्रभारी सतेंद्र पाल और पिनाहट थाना प्रभारी मनोज कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया। पिनाहट में निरीक्षक वीरेश पाल गिरी, खेरागढ़ में उप निरीक्षक हरीश कुमार, बमरौली कटारा में उप निरीक्षक दीपक कुमार तिवारी और बासौनी में उप निरीक्षक प्रवीन्द्र कुमार को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कदम को पुलिस कमिश्नरेट की सख्ती और जवाबदेही बढ़ाने वाली कार्रवाई माना जा रहा है।

# पट्टाभिषेक के साथ राजसिंहासन पर बैठे राजाधिराज श्री राम प्रभु



वेलकम इंडिया संतोष कुमार सिंह सिंह

**वाराणसी।** वेद मंत्रों की गूंज के बीच वैदिक विद्वानों में देश की सभी पवित्र नदियों व सागर के जल से अभिषक्त कर श्री राम प्रभु को अयोध्या के राजसिंहासन पर आरूढ़ कराया इसके साथ ही मानसरोवर तीर्थ क्षेत्र की गलियां राजाधिराज श्री राम की जयकारों से गूंज उठी। अवसर था काशी केदार खंड के श्री राम तारक आंध्र आश्रम में चल रहे श्री राम साम्राज्य पट्टाभिषेक महोत्सव के मुख्य अनुष्ठान का महोत्सव में रविवार को माता सीता का कुंकमार्चन किया जायेगा इसके समानांग श्री राम प्रभु के लक्ष तुलसीदल अर्चन का अनुष्ठान भी पूरा किया जाएगा। मानसरोवर तीर्थ स्थित श्री राम तारक आंध्र आश्रम में बीते दस दोनों से मनाए जा रहे उत्सव के दसवें दिन प्रातः काल से ही उत्सव मंडप वेद घोष की स्वर लहरियों से गूंज उठा। महोत्सव के मुख्य आचार्य उलिमिरी सोमायजुलू के निर्देशन में सबसे पहले देश की पुण्य सलिला नदियों व सागर के जल से श्री राम प्रभु का मस्तकाभिषेक किया। इसके पश्चात राज्याभिषेक की सारी रीतियां पूरी कर राजसी वस्त्रों में सजे-धजे श्री राम व जानकी को सिंहासनारूढ़ कराया। आचार्य सोमायजुलू के अनुसार इस द्वादश दिवसीय अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य देश में सुखशांति की कामना करना हैं।

# गहरे समुद्र की संपदा और कैंसर शोध में नई संभावनाओं पर काम कर रहा इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज





वेलकम इंडिया संतोष कुमार सिंह सिंह

**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज में वैज्ञानिक समुद्री जैव विविधता, कैंसर उपचार और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कई अत्याधुनिक शोध कार्यों पर काम कर रहे हैं। संस्थान में वैज्ञानिकों द्वारा गहरे समुद्र में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीवों और एंजाइमों पर शोध किया जा रहा है जिनसे भविष्य में नई दवाओं और औद्योगिक उपयोग की संभावनाएं सामने आ रही हैं। संस्थान के वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी का गहरा समुद्री क्षेत्र अभी भी सबसे कम खोजे गए क्षेत्रों में से एक है इन क्षेत्रों में मौजूद जैविक संसाधनों की पहचान और उनके डीएनए की जांच के माध्यम से कई नई वैज्ञानिक जानकारियां प्राप्त की जा रही हैं। वैज्ञानिकों ने बताया कि भारत सरकार के दीप ऑसियन मिशन के तहत गहरे समुद्र में छिपी जैविक और खनिज संपदा की खोज और उसके वैज्ञानिक उपयोग पर भी कार्य किया जा रहा है। इस मिशन के माध्यम से समुद्री जीवों से प्राप्त विशेष एंजाइमों का अध्ययन किया जा रहा है जिनका उपयोग पर्यावरण संरक्षण, औद्योगिक प्रक्रियाओं और स्वास्थ्य क्षेत्र में किया जा सकता है।

संस्थान के वैज्ञानिक डॉ.गुलाम ने बताया कि समुद्र में पाए जाने वाले कई सूक्ष्म जीव ऐसे एंजाइम उत्पन्न करते हैं जो कठिन परिस्थितियों में भी सक्रिय रहते हैं। इन एंजाइमों का उपयोग पर्यावरण संरक्षण, जैव प्रौद्योगिकी और औषधि निर्माण में किया जा सकता है उन्होंने बताया कि संस्थान में कैंसर से जुड़े शोध कार्यों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आधुनिक तकनीकों और डीएनए विश्लेषण के माध्यम से कैंसर की प्रारंभिक पहचान और बेहतर उपचार के लिए नई संभावनाओं की तलाश की जा रही है।

वैज्ञानिकों ने बताया कि इन शोध कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग भी तेजी से बढ़ रहा है जिससे बड़े पैमाने पर जैविक डेटा के विश्लेषण और नई खोजों में सहायता मिल रही है। इस क्षेत्र में चीन और अमेरिका ने पहले से व्यापक कार्य किया है और अब भारत भी समुद्री संसाधनों और जैव विविधता के अध्ययन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के पास विस्तृत समुद्री क्षेत्र होने के कारण समुद्री जैव संसाधनों की खोज और उनका उपयोग देश के वैज्ञानिक और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। संस्थान में चल रहे शोध कार्य 'साइंस फॉर सोसाइटी' के सिद्धांत पर आधारित हैं जिनका उद्देश्य समाज और समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव डालना है।।

# सुरेविन इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में 'मेधावी छात्र सम्मान एवं पेरेंट ओरिएंटेशन' का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर।** सुरेविन इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए 'सम्मान समारोह' एवं आगामी सत्र 2026-27 के लिए 'पेरेंट ओरिएंटेशन' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मेधावियों को प्रोत्साहित करना और बच्चों के विकास के लिए स्कूल व अभिभावकों के बीच एक मजबूत 'सपोर्ट सिस्टम' तैयार करना था।




कक्षा 6 से 8 के मेधावियों का हुआ अभिनंदन समारोह के दौरान विशेष रूप से कक्षा 6 से 8 के छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों और बहुमुखी प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। इन युवा अचीवर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। स्कूल प्रबंधन का मानना है कि इस तरह के सम्मान से छात्र माध्यमिक स्तर की शिक्षा में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होंगे। किशोरावस्था की चुनौतियों पर प्रधानाचार्या का विशेष सत्र कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रधानाचार्या द्वारा लिया गया विशेष सत्र रहा, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों के किशोरावस्था से जुड़े संवेदनशील विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कक्षा 6 से 8 के छात्रों को शारीरिक और मानसिक बदलावों के साथ-साथ शैक्षणिक दबाव का भी सामना करना पड़ता है। उन्होंने अभिभावकों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि बच्चों के साथ मित्रवत संवाद स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि उनके भविष्य की चुनौतियों को मिलकर हल किया जा सके। सफलता के लिए निरंतर प्रयास जरूरीः तुषार गुप्ता स्कूल प्रबंधन से तुषार गुप्ता ने सभी अभिभावकों द्वारा बच्चों के प्रति किए जा रहे सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि, 'आने वाले भविष्य में निरंतर प्रयास और कड़ी मेहनत ही सफलता की एकमात्र कुंजी है।' उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहने और चुनौतियों से न घबराने के लिए प्रोत्साहित किया। अभिभावकों के सहयोग की सराहना वहीं, स्कूल प्रबंधन से डॉ. शिखा दरबारी एवं स्कूल प्रधानाचार्या ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए उनके निरंतर सहयोग की सराहना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि अभिभावकों और विद्यालय के आपसी तालमेल से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ इस सफल कार्यक्रम का समापन हुआ।

# महिला ने ससुराल पक्ष पर दुष्कर्म की कोशिश और उत्पीडन का लगाया आरोप, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए दुष्कर्म की कोशिश, मारपीट और मानसिक उत्पीडन की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब दस वर्ष पूर्व उसका निकाह साजिद मलिक नामक व्यक्ति से हुआ था। विवाह के शुरूआती समय में पारिवारिक माहौल सामान्य रहा, लेकिन कुछ समय बाद ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। महिला का आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जाता रहा। महिला के अनुसार 12 मार्च को घटना ने गंभीर रूप ले लिया, जब उसके दो देवरों ने कथित तौर पर उसे जबरन कमरे में खींच लिया और दुष्कर्म की कोशिश की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान परिवार के अन्य सदस्यों ने भी उसका साथ देने के बजाय उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उसे धमकाया गया।

घटना के बाद महिला ने हिम्मत जुटाकर पुलिस से संपर्क किया और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। एसीपी कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर 27 मार्च को महिला के दोनों देवरों समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। पीड़िता को आवश्यक सुरक्षा और कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं आरोपियों की भूमिका की जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा और घरेलू हिंसा के मामलों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के उत्पीडन या अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# पैरा एथलीट एवं अर्जुन अवार्डी सिमरन शर्मा का पालिका अध्यक्ष ने किया सम्मान



**वेलकम इंडिया अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र की प्रतिभाशाली पैरा एथलीट एवं अर्जुन अवार्डी सिमरन शर्मा को जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर नियुक्त किए जाने पर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन विनोद वैशाली ने सिमरन शर्मा को बुके भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया तथा उनकी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।

साथ ही, उनके सम्मान में सिमरन शर्मा के नाम से एक सड़क का उद्घाटन भी उनके द्वारा कराया गया। पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने कहा कि सिमरन शर्मा की यह उपलब्धि न केवल क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है। उनकी मेहनत, संघर्ष और समर्पण आने वाली पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर सभासद मास्टर धर्मवीर सिंह कर्दम, कोच गजेंद्र सिंह, मनवीर सिंह, नवनीत कुमार, राजकुमार सिंह, राजकुमार फौजी, अरुण कुमार, पवन कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# मोदी फाउंडेशन में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट स्पर्धा 2026 का भव्य शुभारंभ

## खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं-मिश्रा

**वेलकम इंडिया अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर।** डॉ. के. एन. मोदी फाउंडेशन में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट स्पर्धा 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मोदीनगर थाना प्रभारी आनंद प्रकाश मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर किया।

मुख्य अतिथि आनंद प्रकाश मिश्रा ने मशाल प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। इसके पश्चात उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं बल्कि मानसिक दृढ़ता, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमें हार-जीत से ऊपर उठकर उत्कृष्टता हेतु निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा देते हैं।



उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए संदेश दिया कि हर प्रतियोगिता सीखने का अवसर होती है, इसलिए पूरे जोश और सकारात्मक सोच के साथ मैदान में उतरें, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और खेल भावना को हमेशा प्रथम स्थान दें। कार्यक्रम में उपस्थित फाउंडेशन के प्रशासनिक अधिकारी मेघराज शर्मा, कार्यकारी निदेशक डॉ दीपांकर शर्मा, समस्त कॉलेजों के डायरेक्टर एवं प्राचार्य, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और आयोजकों ने स्पोर्ट्स मीट के सफल संचालन के लिए अपनी तैयारी प्रस्तुत की। दिनभर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

# रियान्श पब्लिक स्कूल में सफलतापूर्वक आयोजित हुई पीटीएम, अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से बढ़ा उत्साह



**वेलकम इंडिया अरुण मिश्रा**

**गाजियाबाद।** सिद्धार्थ विहार, बागू स्थित Riyansh Public School में आज अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) का आयोजन अत्यंत सफल और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा और उत्सुकता का माहौल देखने को मिला, जहां अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर शिक्षा के महत्व को और अधिक सुदृढ़ किया। पीटीएम के दौरान अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहारिक विकास तथा अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। शिक्षकों ने प्रत्येक छात्र की व्यक्तिगत उपलब्धियों और सुधार के क्षेत्रों पर अभिभावकों से विस्तार से चर्चा की, जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य को लेकर स्पष्ट दिशा मिली। इस बैठक की विशेष बात यह रही कि विद्यालय द्वारा अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रकार की रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे विद्यालय और अभिभावकों के बीच एक मजबूत और विश्वासपूर्ण संबंध स्थापित होता दिखाई दिया।

# डॉ के एन मोदी कॉलेज में मेधावी छात्र मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन

**वेलकम इंडिया अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व मिशन शक्ति विशेष अभियान छठवें चरण के अंतर्गत मेधावी छात्र मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि विधायक डॉ मंजू सिवाच रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय द्वारा पिछले लगभग 6 वर्षों से लगातार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कक्षाओं में सभी क्षेत्र( एकेडमिक विज्ञान, खेल ,एनसीसी ,स्काउट, कला या अन्य किसी भी क्षेत्र में) मेधावी छात्रों की मातृशक्ति को सम्मानित करने का कार्यक्रम का आयोजन होता रहा है। उसी क्रम में लगभग 100 छात्रों की मातृशक्ति को विधायक डॉ मंजू सिवाच और प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र




अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध परामर्शदाता श्रीमती प्रियंका शर्मा ने संयुक्त रूप से पटका ,प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सभी को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर मंजू शिवाच ने उपस्थित छात्रों और उनकी मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ देश का एक अच्छा नागरिक बनने की सीख भी दें ताकि भविष्य में वे नए हिंदुस्तान बनने में सहयोग करें । प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने सभी को संबोधित करते हुए सभी मातृशक्ति से अपील की अपने बच्चों को सदैव अपने बच्चों के प्रति सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण रखिए उनके साथ कुछ समय व्यतीत करें उनकी रुचि को देखते हुए उसी क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें । इस अवसर पर आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की गोविंदपुरी की प्रधानाचार्य डॉक्टर शिवाली बंसल भी उपस्थित रही।

# 449 किलो पीतल स्क्रैप चोरी का खुलासा, पुलिस ने 2 शातिर चोरों को दबोच



**वेलकम इंडिया अरुण मिश्रा**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना लिंक रोड पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पीतल स्क्रैप चोरी के मामले का खुलासा कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया करीब 449 किलोग्राम पीतल स्क्रैप और घटना में प्रयुक्त टाटा ऐस वाहन भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, 26 मार्च 2026 को औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 साहिबाबाद स्थित एक फैक्ट्री से भारी मात्रा में पीतल स्क्रैप चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत मिलते ही थाना लिंक रोड पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। 27 मार्च को पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो संदिग्धों–महताब और इल्यास उर्फ मनिया–को इंद्रप्रस्थ कॉलेज कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त महताब ने खुलासा किया कि उसने फैक्ट्री से स्क्रैप चोरी कर टाटा ऐस में लाद लिया था और उसे बेचने के लिए इल्यास के पास ले जा रहा था। हालांकि इल्यास ने इतना बड़ा माल खरीदने से इनकार किया, लेकिन उसने चोरी का माल बिकवाने की बात कही। इसी दौरान दोनों आरोपी माल को ठिकाने लगाने की फिराक में थे, तभी पुलिस ने उन्हें धर दबोचा।

# महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा कथा के दूसरे दिन भगवान कृष्ण जन्म का सुन्दर वर्णन

**वेलकम इंडिया अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर।** तीन दिवसीय कृष्ण कथा ज्ञान गंगा के दूसरे दिन कथा व्यास ने कृष्ण जन्म का सुंदर वर्णन किया।

बता दें कि शुक्रवार को हापुड़ रोड स्थित एवीएस गार्डन में तीन दिवसीय कृष्ण कथा ज्ञान गंगा का शुभ आरम्भ सम्पूर्ण विधि विधान से किया गया था। कथा के दूसरे दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी आयोग ने कृष्ण जन्म कथा के माध्यम से भगवान कृष्ण लीलाओं का सुन्दर वर्णन किया कथा व्यास साध्वी निरंजन ज्योति के मुखारविंद से कथा का श्रवण कर उपस्थित श्रद्धालुगण भाव विभोर हो गए।

साध्वी ग्राम तलहेटा पहुंची जहाँ दीपांशु त्यागी ने अपने परिजनों एवं सैंकड़ो समर्थकों के साथ साध्वी जी का ढोल और आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।



कथा के पश्चात तय कार्यक्रम अनुसार साध्वी निरंजन ज्योति नगर पंचायत निवाड़ी के अध्यक्ष अनिल त्यागी के आवास पर पहुंची जहां अध्यक्ष ने अपने समर्थकों के साथ उनका बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत कर साध्वी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

बता दें कि ऑल इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया एसोसिएशन, सर्च आउट फाउंडेशन एवं सहयोग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय कृष्ण कथा ज्ञान गंगा एवं विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में शिरकत कर धर्म लाभ उठाने वालों में मुख्य रूप से डॉ मंजू शिवाच विधायक मोदीनगर, विनोद वैशाली चेयरमैन नगर पालिका परिषद् मोदीनगर, डॉ पूनम गर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ, अलका चौधरी भाजपा मंडल अध्यक्ष मोदीनगर मूल चंद गर्ग राधिका कलेक्शन, अजेश श्रीवास्तव, बिट्टू विश्नोई योगेश गौड़, नगेन्द्र कश्यप, संजीव चिकारा एडवोकेट सतीश अग्रवाल अमित गर्ग हरेंद्र शर्मा, राजपाल त्यागी, डॉ आर के शर्मा ,सुमित गुप्ता साबुन वाले कुसुम निगम प्रवीण शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, आदि रहे।

# 'स्वच्छ मुरादनगर-स्वस्थ मुरादनगर': नगर पालिका परिषद का जन-जागरूकता अभियान तेज

**वेलकम इंडिया कपिल चौहान**

**मुरादनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर को स्वच्छ, सुंदर और रोगमुक्त बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक शमशाद अहमद के निर्देशन में विभिन्न वार्डों में सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सफाई नायक बिट्टू वाल्मीकि द्वारा घर-घर जाकर एवं मोहल्लों में लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत नहीं



बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। यदि हम अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखते हैं, तो अनेक संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डालने से गंदगी फैलती है, जिससे मच्छर, मक्खी और अन्य कीट पनपते हैं, जो डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह न केवल स्वयं स्वच्छता अपनाए बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे।

**स्वच्छता बनाए रखने के प्रमुख उपाय इस प्रकार हैं:**

घर का कूड़ा निर्धारित समय पर नगर पालिका की गाड़ी में ही डालें। गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखें, जिससे उसका सही निस्तारण हो सके। नालियों और सड़कों में कूड़ा फेंकने से बचें। सार्वजनिक स्थानों पर थूकने और गंदगी फैलाने से परहेज करें। प्लास्टिक का उपयोग कम करें और पर्यावरण के अनुकूल वस्तुओं को अपनाएं। अपने आसपास नियमित रूप से सफाई रखें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

**स्वच्छता के लाभः**

स्वच्छ वातावरण से बीमारियों का खतरा कम होता है।मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। साफ-सुथरा वातावरण सकारात्मक ऊर्जा और सुखद जीवनशैली को बढ़ावा देता है।

# भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) के कार्यकताओं ने एसीपी को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी को जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा कार्यक्रम में जाने से पूर्व हाउस अरेस्ट कर लिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्र से किसानों व स्थानीय बेरोजगार युवाओं की समस्याओं के समाधान हेतु मिलने का समय मांगा था, लेकिन समय नहीं दिया गया। हाउस अरेस्ट की सूचना मिलते ही संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवास पर एकत्र हो गए और जेवर एयरपोर्ट की ओर कूच करने का प्रयास किया। किसानों की भूमि अधिग्रहण के



बावजूद उन्हें नियम अनुसार लाभ न मिलने तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने के कारण भारी रोष देखने को मिला। इस दौरान एसीपी मधुबन बापूधाम मौर्य को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवास पर ही सौंपा गया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण चौधरी, राष्ट्रीय सचिव सोनवीर सिंह, राष्ट्रीय सचिव अक्षय कान्त श्रोत्रिया राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट कुंवर अयूब अली, किसान नेता राजबीर सिंह रईसपुर जिला अध्यक्ष कौशल चौधरी, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट जितेंद्र चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष गाजियाबाद विपिन चौधरी, पूर्व पार्षद मनोज चौधरी, मोदीनगर अध्यक्ष अंकुर नेहरा, भोजपुर ब्लॉक अध्यक्ष सोहनपाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ गीता निगम के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने जेवर एयरपोर्ट पहुंचकर प्रदर्शन किया। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों और युवाओं की मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन (सर छोटूराम) आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भव्य उद्घाटनः पश्चिमी यूपी को मिली विकास की नई उड़ान

## 1 लाख करोड़ से अधिक संभावित योगदान के साथ 'यूपी का जेवर' बनेगा आर्थिक प्रगति का इंजन







**वेलकम इंडिया कपिल चौहान**

**गाजियाबाद/नोएडा।** उत्तर प्रदेश के विकास पथ पर एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के प्रथम चरण का भव्य उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित यह अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट न केवल देश का सबसे बड़ा, बल्कि एशिया का दूसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन गया है, जो आगामी चरणों के पूर्ण होने पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए वैश्विक परिस्थितियों में एकजुटता का संदेश दिया और कहा कि ह्लपश्चिम एशियाह्व में जारी संघर्ष, विशेषकर इजराइलझ्र्ईरान तनाव तथा संयुक्त राज्य अमेरिका की भूमिका से उत्पन्न संकट का सामना भारत को धैर्य एवं एकता के साथ करना होगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से भी अपील की कि संकट के समय देशहित सर्वोपरि रखते हुए जिम्मेदार व्यवहार करें। प्रधानमंत्री ने बताया कि एयरपोर्ट के पहले चरण का निर्माण लगभग 3300 एकड़ क्षेत्र में किया गया है, जिसमें अत्याधुनिक टर्मिनल एवं रनवे तैयार किए गए हैं। यह टर्मिनल प्रतिवर्ष लगभग 3 करोड़ यात्रियों को संभालने में सक्षम है तथा इस परियोजना पर लगभग 11,000 करोड़ की लागत आई है। वर्ष 2040 तक यह एयरपोर्ट 52 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पूर्ण विकसित होकर वैश्विक स्तर की सुविधाएं प्रदान करेगा। एयरपोर्ट की प्रमुख विशेषताएं- प्रारंभिक क्षमताः लगभग 1.2 करोड़ यात्री प्रति वर्ष






भविष्य में विस्तारः 7 करोड़ यात्री क्षमता तक कार्गो क्षमताः प्रारंभिक 2.5 लाख टन, आगे 15 लाख टन तक मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटीः एक्सप्रेसवे, बस, मेट्रो डिजियात्रा आधारित डिजिटल सुविधाएं एम आर ओ, लॉजिस्टिक्स हब एवं वेयरहाउसिंग सुविधाएं 'शून्य शुद्ध उत्सर्जन' एवं ग्रीन एनर्जी आधारित डिजाइन जनपद गाजियाबाद पर प्रभाव नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जनपद गाजियाबाद को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से व्यापक लाभ प्राप्त होगा। जनपद के ओडीओपी उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच मिलेगी, स्थानीय उद्योग, कृषि एवं सेवा क्षेत्र को नई गति प्राप्त होगी तथा निवेश एवं औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे और बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन एवं व्यापार को भी प्रोत्साहन मिलेगा। आर्थिक प्रभाव यह एयरपोर्ट प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 1 लाख करोड़ से अधिक के संभावित योगदान के साथ विकास का सशक्त इंजन बनकर उभरेगा। कार्गो एवं लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के माध्यम से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों को 'लोकल से ग्लोबल' बनने का अवसर प्राप्त होगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं कनेक्टिविटी जेवर एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे सहित अन्य प्रमुख मार्गों से जोड़ा गया है। प्रस्तावित मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब (मेट्रो, बस, टैक्सी) के माध्यम से गाजियाबाद सहित आसपास के जनपदों के लिए आवागमन और अधिक सुगम एवं सुलभ होगा। उड़ान एवं कनेक्टिविटी विस्तार प्रारंभिक चरण में सिंगापुर, दुबई तथा ज्यूरिख के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रस्तावित हैं, जबकि घरेलू स्तर पर दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, लखनऊ, हुबली एवं देहरादून के लिए कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। इस परियोजना में 'इंडिगो' एवं 'अकासा एयर' जैसी एयरलाइंस की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। जनभावनाएं स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, उद्यमियों एवं स्टार्ट-अप प्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक परियोजना का स्वागत करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में रोजगार, व्यापार एवं निवेश के नए द्वार खुलेंगे तथा गाजियाबाद को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश में समावेशी, संतुलित एवं तीव्र विकास की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा, जो प्रदेश के प्रत्येक जनपद को वैश्विक मंच से जोड़ते हुए 'लोकल से ग्लोबल' की अवधारणा को साकार करेगा।

'विकास की उड़ान, आत्मनिर्भर भारत की पहचान – एकजुटता ही देश की सबसे बड़ी ताकत है।'

## ट्रोनिका सिटी पुलिस की बड़ी कार्रवाईः धोखाधड़ी के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया कपिल चौहान**

**गाजियाबाद।** थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत यह गिरफ्तारी की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त लंबे समय से धोखाधड़ी के अभियोग में फरार चल रहा था और उसकी तलाश लगातार की जा रही थी। थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना एवं सटीक रणनीति के आधार पर उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है, जिससे मामले से जुड़े अन्य तथ्यों का भी खुलासा होने की संभावना है। पुलिस का कहना है कि धोखाधड़ी जैसे अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में आमजन के बीच सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर भरोसा और मजबूत हुआ है।

## आंगनबाड़ी केंद्र का दरवाजा गिरा, तीन मासूम घायल; दो की हालत गंभीर, हायर सेंटर रेफर






**वेलकम इंडिया कपिल चौहान**

**मोदीनगर।** थाना मोदीनगर क्षेत्र के गांव मानकी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। केंद्र का जर्जर दरवाजा अचानक टूटकर गिर पड़ा, जिसकी चपेट में वहां खेल रहे तीन मासूम बच्चे आ गए। हादसे में तीनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र पर मिलने वाला राशन लेने के लिए गांव के कई बच्चे पहुंचे थे। इसी दौरान 4 वर्षीय फैजान, 3 वर्षीय जसिया और 2 वर्षीय जैद दरवाजे के पास खड़े होकर खेल रहे थे। तभी अचानक दरवाजा भरभराकर गिर गया और तीनों बच्चे उसके नीचे दब गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और परिजन व ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़ पड़े।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों की सहायता से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने दो बच्चों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। तीसरे बच्चे का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। घटना के बाद गांव में आंगनबाड़ी केंद्र की जर्जर हालत को लेकर लोगों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र की इमारत और दरवाजे की हालत काफी समय से खराब थी, लेकिन संबंधित विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। अब हादसे के बाद जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जानकारी जुटाने में लगी है।

## जनसुनवाई में डीसीपी नगर/मुख्यालय धवल जायसवाल ने सुनीं फरियादें, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया कपिल चौहान**



**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जनसुनवाई के दौरान श्री धवल जायसवाल, पुलिस उपायुक्त नगर/मुख्यालय ने अपने कार्यालय पहुंचे शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

डीसीपी नगर/मुख्यालय ने कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने फरियादियों को आश्वस्त किया कि प्रत्येक प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, धोखाधड़ी, मारपीट, घरेलू विवाद तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं।

सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित शाखाओं एवं थाना प्रभारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए। पुलिस प्रशासन की इस पहल से फरियादियों में भरोसा बढ़ा है और उन्हें उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

पुलिस अधिकारियों ने भी जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और पारदर्शिता बनाए रखने का भरोसा दिलाया।

## ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई लिंक रोड पुलिस ने स्मैक तस्कर को किया गिरफ्तार, नशीला पदार्थ व नकदी बरामद

**वेलकम इंडिया कपिल चौहान**



**गाजियाबाद।** थाना लिंक रोड पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना लिंक रोड पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया, जिसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से कुल 57 ग्राम अवैध स्मैक (हेरोइन), 3020 रुपये नगद तथा 01 मोबाइल फोन बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना लिंक रोड पर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस द्वारा अभियुक्त से पूछताछ कर नशे के इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत जनपद में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिससे युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके और समाज को सुरक्षित बनाया जा सके।

## ऑपरेशन प्रहार के तहत जागरूकता की नई पहल

**वेलकम इंडिया कपिल चौहान**






**गाजियाबाद।** सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर उपासना पाण्डेय द्वारा ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत एक प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से दूर रखते हुए उन्हें सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना तथा समाज में जागरूकता बढ़ाना रहा।

इस अवसर पर उपासना पाण्डेय ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, बल्कि उसके उज्ज्वल भविष्य को भी अंधकारमय बना देता है।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें और अपने जीवन को शिक्षा, खेल एवं समाज सेवा जैसे सकारात्मक कार्यों में लगाएं। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि नशे की प्रवृत्ति समाज में अपराधों को बढ़ावा देती है, जिससे सामाजिक व्यवस्था प्रभावित होती है।

इसलिए युवाओं का जागरूक और जिम्मेदार बनना अत्यंत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया।

## नौवें निशुल्क बुक एक्सचेंज मेले के दूसरे चरण का शुभारंभ, 1400 अभिभावकों ने उठाया लाभ

**वेलकम इंडिया कपिल चौहान**





**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन (जीपीए) द्वारा आयोजित नौवें निशुल्क बुक एक्सचेंज मेले के दूसरे चरण का शुभारंभ विजयनगर स्थित भीमाबाई अंबेडकर पार्क में थाना कवि नगर प्रभारी अनुराग शर्मा ने किया। मेले में बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के साथ पहुंचे और पुस्तकों का आदान-प्रदान कर इस सामाजिक पहल को सफल बनाया।

थाना प्रभारी अनुराग शर्मा ने जीपीए की इस सराहनीय मुहिम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है, साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को निशुल्क पुस्तकें मिलने से उनके अभिभावकों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ भी कम होता है।

उन्होंने कहा कि इससे बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिलेगा और वे पढ़-लिखकर अपना भविष्य संवार सकेंगे। जीपीए सचिव अनिल सिंह ने बताया कि दोपहर तीन बजे तक करीब 1400 अभिभावकों को निशुल्क पुस्तकों का लाभ मिल चुका था।

मेले में समाज के कई लोगों ने बड़ी संख्या में पुस्तकें दान कीं, जिसके लिए जीपीए टीम ने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया।

सुबह से ही जीपीए के पदाधिकारी अभिभावकों को पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्था में जुटे रहे, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले।

मेले के दौरान अभिभावकों और बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। इस अवसर पर अनिल सिंह, धर्मेंद्र यादव, प्रमोद चौधरी, कौशलेंद्र सिंह, नरेश कुमार, साधना सिंह, पारस चौधरी, नवीन तंवर, नवीन राठौर, हीरा और डॉ. चंचल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

यह आयोजन न केवल शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, बल्कि समाज में पुस्तक पुनः उपयोग और पर्यावरण संरक्षण का भी मजबूत संदेश देने में सफल रहा।

## खेलते-खेलते लापता हुआ दस वर्षीय मासूम, परिजनों की आंखों से नींद गायब

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** मसूरी थाना क्षेत्र से दस वर्षीय बालक के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आने के बाद परिवार में चिंता और बेचैनी का माहौल है। काफी तलाश के बावजूद बच्चे का कोई सुराग न मिलने पर परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बच्चे की तलाश तेज कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इटावा जनपद के ग्राम बर्रा निवासी टिंकू पिछले लगभग तीन महीनों से मसूरी क्षेत्र में राजमिस्त्री का कार्य कर रहे हैं। वह अपने परिवार के साथ यहीं रहकर मजदूरी करते हैं। रोजाना की तरह बीते 24 मार्च को उनका दस वर्षीय बेटा मयंक उर्फ गोलू भी पिता के साथ निमार्णाधीन साइट पर गया था। बताया जा रहा है कि मयंक पास में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान अचानक वह नजरों से ओझल हो गया। पहले तो परिजनों को लगा कि बच्चा आसपास ही खेल रहा होगा, लेकिन काफी देर तक खोजबीन करने के बाद भी जब वह नहीं मिला तो परिवार की चिंता बढ़ गई। पिता टिंकू और स्थानीय लोगों ने आसपास के इलाकों, गलियों और निर्माण स्थलों पर घंटों तलाश की। रिश्तेदारों और परिचितों से भी संपर्क किया गया, मगर बच्चे का कोई पता नहीं चल सका। पूरी रात परिवार ने बच्चे की तलाश में गुजार दी, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। अगले दिन 25 मार्च को परेशान परिजन मसूरी थाने पहुंचे और बच्चे की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस से जल्द बरामदगी की गुहार लगाई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने बताया कि बच्चे की गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम आसपास के क्षेत्रों में तलाश अभियान चला रही है। साथ ही इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि बच्चे की आखिरी लोकेशन का पता लगाया जा सके।